हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-130, पृष्ठ : 12 | रविवार, 16 नवम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## ग्वालियर में एक्सीडेंट, 5 मरे

### नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर रेत से भरी ट्रॉली में घुसी

**ग्वालियर।** नेशनल हाईवे एम्बुलेंस के प्रायमरी मेडिकल ऑफिसर पंकज यादव ने बताया कि उन्हें सिरोल थाने से हादसे की सूचना सुबह करीब 6:30 बजे मिली। टीम डबरा से निकलकर सुबह 7 बजे मौके पर पहुंची।

ग्वालियर-झांसी हाइवे पर रविवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा टकराई, जिसमें कार सवार सभी पाँच युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार पूरी तरह ट्रॉली के नीचे घुस गई और किसी को भी बचने का मौका नहीं मिला।



हादसा सुबह करीब 5:30 से 6 बजे के बीच मालवा कॉलेज के सामने हुआ। सभी मृतक ग्वालियर के निवासी बताए जा रहे हैं। वे फॉर्च्यूनर में झांसी से एक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही कार मोड़ पर पहुंची, रेत से भरी ट्रॉली अचानक सामने आ गई। तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका और कार सीधे ट्रॉली में घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शव कार और ट्रॉली के बीच बुरी तरह फंस गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने कटर मशीन की मदद से वाहन को काटकर शवों को बाहर निकाला। दृश्य बेहद दर्दनाक था और मौके पर चीख-पुकार मच गई।

हादसे में जान गंवाने वाले युवकों के नाम आदित्य जादौन, राम पुरोहित, क्षितिज उर्फ प्रिंस राजावत, कौशलेन्द्र भदौरिया, अभिमन्यु सिंह हैं। फॉर्च्यूनर ग्वालियर के प्रॉपर्टी कारोबारी उमेश राजावत की बताई जा रही है। हादसे में उनका इकलौता बेटा प्रिंस राजावत भी शामिल था, जो रात में शनिचरा धाम से लौटने के बाद कार लेकर निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की स्पीड लगभग 160 किमी/घंटा थी। पुलिस ने बताया कि हादसे के दौरान एयरबैग खुलकर फट गए, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि कार कम से कम 120 किमी/घंटा की रफ्तार से चल रही थी।

## हाईवे पर ट्रक-टेंपो की भिड़ंत में छह श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत

**जोधपुर।** जोधपुर-जैसलमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बालेसर थाना क्षेत्र में रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरा टेंपो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक से जा भिड़ा। भीषण टक्कर में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और बच्चों समेत 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार एमडीएम अस्पताल, जोधपुर में चल रहा है। मृतक और घायल सभी गुजरात के साबरकांठा जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं।



हादसा सुबह करीब 5:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-125 पर खारी बेरी गांव के पास हुआ। बालेसर थाना प्रभारी मूल सिंह भाटी ने बताया कि बाजरे की बोरियों से भरा ट्रक तेज गति में अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे टेंपो से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया, जबकि ट्रक भी आगे जाकर पलट गया।

### दिल्ली ब्लास्टः डॉ. शाहीन 10 साल से जैश से जुड़ी

## नौकरी छोड़कर बोली थी- अब कौम का कर्ज उतारना है

**नई दिल्ली।** दिल्ली लाल किला ब्लास्ट केस में शामिल आतंकी लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद 10 साल से पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी थी। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि शाहीन 2015 में जैश से जुड़ी थी।

अधिकारी के मुताबिक शाहीन ने एक साल तक जैश को संवेदनशील सूचनाएं भेजीं। 2016 में वह जैश की एक्टिव मेंबर बनी। सुरक्षा एजेंसियां अब ये पता लगा रही हैं कि



10 साल में शाहीन कहां-कहां रही और उसके नेटवर्क में कौन-कौन आया। 2021 में एक रिश्तेदार ने डॉ. शाहीन को पति, बच्चे और नौकरी छोड़ने पर जब टोका तो शाहीन ने कहा था- परिवार और नौकरी में क्या रखा है। अपने लिए बहुत जी लिए।

शाहीन कहती थी- अब कौम का कर्ज उतारने का समय है। सब छोड़कर इसी में लगी हूं, मेरे बारे में चिंता करना छोड़ दो, कुछ बड़ा करने की तैयारी चल रही है, जो करूंगी उस पर आप सबको फख्र होगा। दिल्ली में सुभाष मार्ग सिगनल पर 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट में 13 लोग मारे गए थे। 20 से ज्यादा घायलों का इलाज जारी है।

## 'किसी घर में रोहिणी जैसी बेटी-बहन पैदा न हो'

### लालू की बेटी का आरोप- कल मुझे मारने के लिए चप्पल उठाई गई

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी और सारण से चुनाव लड़ चुकीं रोहिणी आचार्य ने रविवार को एक्स पर एक और पोस्ट कर हलचल मचा दी है। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा, "कल एक बेटी, एक बहन , एक शादीशुदा महिला, एक मां को जलील किया गया , गंदी गालियां दी गईं, मारने के लिए चप्पल उठाई गई।"

रोहिणी आचार्य ने एक और पोस्ट में कहा, "कल मुझे गालियों के साथ



बोला गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी। करोड़ों रूपए लिए , टिकट लिया तब लगवाई गंदी किडनी। सभी बेटी-बहन, जो शादीशुदा हैं उनको मैं बोलूंगी कि जब आपके मायके में कोई बेटा-भाई हो, तो भूल कर भी अपने भगवान रूपी पिता को नहीं बचाएं। अपने भाई, उस घर के बेटे को ही बोले कि वो अपनी या अपने किसी हरियाणवी दोस्त की किडनी लगवा दे।" गौरतलब है कि रोहिणी ने शनिवार को ही एलान किया था कि वे राजनीति और परिवार छोड़ रही हैं। **संबंधित खबर पेज 2 पर**

## उठावनी



### स्व. श्रीमती ईश्वरी देवी जी

हमारी दादी स्व. श्रीमती ईश्वरी देवी जी का निधन 15 नवंबर 2025, शनिवार को हो गया है। इनकी उठावनी आज 16 नवंबर 2025, दिन रविवार दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक निज निवास सेक्टर 11 सी आवास विकास कॉलोनी, बोदला आगरा पर होगी।

**शोकाकुल राजौरिया परिवार**

# उत्तर और मध्य भारत में तेजी से बढ़ रही ठंड

## दो दिन शीतलहर की स्थिति सबसे अधिक रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में मौसम का तेजी से बदलता मिजाज परेशानी बढ़ा रहा है। उत्तर और मध्य भारत शीतलहर, कोहरे और गिरते पारे की चपेट में हैं, जबकि दक्षिण भारत में पूर्वोत्तर मानसून के असर से भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इससे स्वास्थ्य, खेती, यातायात और बिजली आपूर्ति पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है।

मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार उत्तर और मध्य भारत में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। 16 और 17 नवंबर को शीतलहर की स्थिति सबसे अधिक दिखने की संभावना है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे सुबह और रात के समय सर्दी का असर बेहद तीखा रहेगा।



उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पाला पड़ने से ठिठुरन काफी बढ़ गई है। तड़के कड़क सर्दी, दोपहर में हल्की धूप और शाम ढलते ही फिर से बढ़ती ठंड के साथ मौसम तेजी से अपना रंग बदल रहा है। अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे लुढ़क गया है। तापमान में उतार-चढ़ाव की वजह से लोगों में सर्दी-जुकाम और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़नी शुरू हो गई हैं।

**हिमाचल प्रदेश-जम्मू-कश्मीर में तापमान शून्य से नीचे**

हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी ठंड ने रिकॉर्ड स्तर छू लिए हैं। ताबो का तापमान माइनस 5.3, कुकुमसेरी माइनस 4.1, केलांग माइनस 3.6 और कल्पा 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा, हालांकि रात के समय ठंड और तेजी पकड़ सकती है। इसके विपरीत ऊना में कल 28.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया।

**कोहरा और दृश्यता में कमी का खतरा**

अगले 5 दिनों तक उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, पश्चिम मध्य प्रदेश और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। कई इलाकों में सुबह के समय दृश्यता 500 मीटर तक सीमित हो गई है। विशेषज्ञों ने सड़क और रेल यातायात के दौरान गति नियंत्रित रखने, हेडलाइट-फॉग लाइट का उपयोग करने और अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है ताकि दुर्घटनाओं के जोखिम कम हों।

**दक्षिण भारत: भारी बारिश का अलर्ट जारी**

दक्षिण भारत में पूर्वोत्तर मानसून सक्रिय है और बारिश का दौर जारी है। श्रीलंका के दक्षिणी क्षेत्र और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बना ऊपरी हवाओं का चक्रवाती प्रसार तथा बांग्लादेश के आसपास मौजूद दूसरा चक्रवात नमी के परिवहन को बढ़ा रहे हैं, जिसके कारण भारी बारिश की परिस्थितियां बन रही हैं। आगामी दिनों में तमिलनाडु, केरल और द्वीप समूहों में भारी बारिश की आशंका है, जबकि तटीय आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है।

# शाहीन के सात बैंक खातों का चला पता, इनमें तीन शहर में

**लखनऊ।** सुरक्षा एजेंसियां डॉ. शाहीन के सात बैंक खातों के बारे में पता चला है। इनमें कानपुर के तीन, लखनऊ के दो और दिल्ली के दो बैंक खाते हैं। इन खातों के लेनदेन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। खातों में लेनदेन करने वालों का पता चलने पर बड़ी सफलता हासिल हो सकती है। इसके साथ ही शाहीन जनवरी से लेकर अक्तूबर 2025 तक कितनी बार जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज आई और किससे-किससे मिलीं। कहां रुकीं आदि की भी जानकारी जुटाई जा रही है।



वहीं, जांच एजेंसियों ने संगठन से जुड़े लोगों को आर्थिक मदद करने वालों की तलाश भी शुरू कर दी है। जांच एजेंसी का मानना है कि डॉ. शाहीन लंबे समय तक कानपुर और आसपास रही है। उसके बाद वह आतंकी संगठन से जुड़ गई है, लिहाजा उसके संपर्क में वह लोग भी हो सकते हैं जो संगठन के लिए आर्थिक मदद करते रहे हों। वहीं, कानपुर से पहले डॉ. शाहीन प्रयागराज से मेडिकल की पढ़ाई कर रही थी। ऐसे में प्रयागराज से डॉ. शाहीन के सहपाठियों का ब्योरा भी एकत्र किया जा रहा है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में डॉ. शाहीन फामाकोलॉजी विभाग की एचओडी थी। इसके तहत दवाओं और शरीर के बीच की परस्पर क्रिया का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है। वह सामान्य महिला फैकल्टी की तरह काम करती थी। छुट्टियां कम लेती थी और बच्चा लेकर अस्पताल आती थी। उसने मेडिकल कॉलेज परिसर में ही एल ब्लॉक में घर लिया था। सहयोगी पूछते तो कहती कि घर में कोई नहीं है, ऐसे में बच्चे को अकेले कैसे छोड़ते। उसकी महिला साथियों से अच्छी बनती थी। तलाक की बात भी सभी को नहीं पता थी। दिसंबर 2013 में डॉ. शाहीन अपनी सहयोगी डॉक्टर को एचओडी का कार्यभार सौंपकर गई थी। कहा था कि चार जनवरी 2014 को लौट आएगी। चार जनवरी को न आने पर साथियों ने फोन करने की कोशिश की लेकिन बात नहीं हो पाई। इस तरह साल निकल गया। आधिकारिक तौर पर पत्राचार किया जाता रहा लेकिन जवाब नहीं मिला। प्राचार्य ने सन 2016 में दो कर्मचारियों को पंजीकृत पते पर पत्र लेकर भेजा। वहां कर्मचारियों के पहुंचने पर पता चला कि पता गलत है। इसके बाद 2021 में उसकी बर्खास्तगी की गई। अब दिल्ली बम धमाके के मामले में नाम आने के बाद चर्चा में आ गई।

# आरके सिंह को बीजेपी ने पार्टी से किया निलंबित

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने प्रचंड बहुमत हासिल किया है। शानदार जीत के बाद अगले दिन ही पार्टी ने अंदर बैठे विरोधियों पर बड़ी कार्रवाई की है। बीजेपी ने बिहार में पूर्व केंद्रीय मंत्री समेत 3 बड़े नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। बीजेपी ने बताया कि यह कार्रवाई पार्टी विरोधी गतिविधियां करने के लिए की गई है। बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह आर के सिंह हाल ही में अपने बयानों को लेकर चर्चा में थे। एक बयान में उन्होंने नीतीश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। सरकार पर 62 हजार करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था।

# ट्रेन में बम की सूचना, मची खलबली

**अलीगढ़।** दिल्ली से बिहार जा रही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच में यात्रा कर रहे एक यात्री के पास बम होने की सूचना पर अलीगढ़ स्टेशन पर खलबली मच गई। आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने चेकिंग करते हुए संदिग्ध व्यक्ति को उतार लिया और उसके पास मिले सामान की तलाशी ली। हालांकि उसके पास कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बैग में अमरूद और खाने पीने समेत अन्य सामान मिला। दोनों टीमें संयुक्त रूप से अभी संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

आरपीएफ के सहायक आयुक्त गुलजार सिंह के अनुसार 15 नवंबर रात लगभग 11:05 बजे डिवीजन कंट्रोल प्रयागराज द्वारा मय फोटो एक सूचना प्राप्त हुई कि दिल्ली से बिहार जाने वाली स्वतंत्रता संग्राम सेनानी



एक्सप्रेस ट्रेन में एक व्यक्ति जनरल कोच में यात्रा कर रहा है, उसके पास बम जैसी कोई वस्तु होने की आशंका है। यह भी बताया कि वह व्यक्ति 12560 या 12562 के फ्रंट साइड कोच में बैठा है।

इस सूचना पर सूचना प्राप्त होते ही आरपीएफ, जीआरपी, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, डॉग स्क्वाड व सिविल पुलिस के साथ स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 03 पर ट्रेन के पहुंचने पर चेकिंग की गई । कंट्रोलर से मिली सूचना के आधार पर ट्रेन के इंजन से दूसरे जनरल कोच की सीट संख्या 247503/ सी पर बैठे व बताए गए हुलिए के व्यक्ति को उसके सामान के साथ गाड़ी से उतार लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम 35 वर्षीय सुशील सैनी पुत्र राजकुमार सैनी निवासी ग्राम बिचखाना, थाना अरेर, पोस्ट जिला मधुबनी, बिहार बताया ।

# रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ी, परिवार से तोड़ा नाता

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिनी आचार्या ने राजनीति छोड़ने का एलान किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा कर दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं। यह वही बात है जो संजय यादव और रमीज ने मुझसे कहने को कहा था। राजद की हार की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं सारी ज़िम्मेदारी ले रही हूं।



दरअसल, रोहिणी आचार्य, तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव की राजद में दखल से नाराज चल रही हैं। 18 सितंबर को भी उन्होंने किसी अन्य के सोशल मीडिया पोस्ट को शेयर करते हुए तेजस्वी यादव के साये बने राज्यसभा सांसद संजय यादव को निशाने पर लिया था। उन्होंने अपने भाई तेजस्वी यादव के करीबी सांसद संजय यादव को निशाना साधते हुए लिखा था कि लालू-तेजस्वी की जगह लेने की कोशिश करने वालों को देखना पसंद नहीं करती हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि मैं टीवी पर रिपोर्ट देख रहा था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी एक व्यक्ति द्वारा पूरे परिवार में दरार डालना ठीक नहीं है। जैसा कि रोहिणी आचार्य ने कहा है, उन्हें पीटा गया। उन्होंने कि जिस बेटी ने लालू जी की जान बचाने के लिए किडनी दान की। उसी को अब बाहर निकाला जा रहा है, यह दुखद है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया


# केसरिया रंग में रंगा मथुरा, वृंदावन में स्वागत

## आखिरी पड़ाव के लिए रवाना हुई सनातन एकता पदयात्रा, बांकेबिहारी मंदिर में आज चढ़ाई जाएगी ध्वजा

एनएनआई

**मथुरा।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में दिल्ली से शुरू हुई सनातन एकता पदयात्रा अपने आखिरी पड़ाव वृंदावन के लिए रविवार की सुबह राधा माधव मंदिर से शुरू हुई।

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित राधा माधव मंदिर के पड़ाव के बाद रविवार सुबह नौ बजे आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में अंतिम पड़ाव वृंदावन के लिए पदयात्रा शुरू हुई। रविवार सुबह शुरू हुई पदयात्रा में शामिल लाखों सनातनियों का जोश हिलोरे मार रहा है। हिंदुत्व की धारा को बल देते जयकारों के गूंजते वातावरण के साथ पदयात्री आगे बढ़ रहे हैं।

भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के साथ बड़ी संख्या में संत व धमार्चार्य जोश के साथ कदम आगे बढ़ा रहे है। राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह केसरिया रंग में नहाया नजर आ रहा है। धीरे-धीरे पदयात्रा वृंदावन की ओर बढ़ती नजर आ रही है तो पदयात्रा में शामिल होने वाले सनातनियों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। पदयात्रा भले हो धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। लेकिन, पदयात्रा में शामिल सनातनियों का चारधाम मंदिर के समीप बने पंडाल पर पहुंचना शुरू हो गया है। पंडाल में भी भीड़ जुटने लगी है। जबकि पदयात्रा दोपहर 12 बजे पंडाल में पहुंचने का समय निर्धारित है।



### आज भव्य समारोह के बीच होगा समापन

कथावाचक जया किशोरी, चिदानंद मुनि भी मंच पर पहुंचे। जब सड़कों पर यात्रा अगले पड़ाव के लिए बढ़ी तो नजारा देखने लायक था। अरे हिंदुओं जागो रे..जो राम का नहीं, वह किसी काम नहीं। जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई। पैरों में पड़े छालों की अनदेखी कर हाथ में माइक थामें यात्रा की अगुवाई कर रहे बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जब सनातनी एकता की बात करते तो हजारों स्वर माहौल को गुंजायमान करते।

## सभी ब्रजवासियों के चरणों में नाक रगड़कर दंडवत प्रणाम

**मथुरा** एनएनआई। धर्म क्या है। आस्था क्या है। विश्वास क्या है। इन सवालों के जवाब कान्हा की नगरी में सड़कों पर उमड़े जनज्वार को देख स्वतः मिल जाते हैं। धर्म की डोर से बंधे लाखों श्रद्धालु आस्था की यात्रा पर निकल पड़े हैं। विश्वास से पग बढ़ रहे हैं। दिल्ली के छतरपुर से चली सनातन हिंदू एकता पदयात्रा को कान्हा की नगरी में जो प्यार और दुलार मिला, उसने कई बहुत सारे मिथक तोड़ दिए।

29 वर्ष के युवा संत के एक आह्वान पर सड़कों पर जो जनज्वार उमड़ा, वह अपार श्रद्धा की गवाही दे रहा है। सड़कों पर गूंजते जयकारों ने सनातनी एकता की नई कहानी गढ़ी है। रविवार को भव्य समारोह में समापन होगा। ठाकुर बांकेबिहारी को धर्मध्वजा अर्पित होगी। 150 किमी चली यात्रा का समापन भी इतना भव्य कि राजनेता और फिल्मी सितारों से सजे मंच पर नामी संत-महंत की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

सात नवंबर को सनातनियों को एकता के सूत्र में पिरोने का संकल्प लेकर निकली पदयात्रा ने 13 नवंबर को कान्हा की धरा पर प्रवेश किया। यह यात्रा के प्रति उत्साह ही है कि कदम-कदम पर भीड़ बढ़ती गई। शुक्रवार शाम आगरा-दिल्ली हाईवे पर छाता के निकट गुप्ता रेजिडेंसी में यात्रा ने विश्राम किया। शनिवार सुबह करीब दस बजे यात्रा आगे बढ़ी तो इससे पहले सभा हुई। पहले सनातन एकता, गोमाता की रक्षा, यमुना शुद्धिकरण, ब्रज को मांस-मदिरा से मुक्ति के साथ श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनाने की शपथ दिलाई। फिर बोले, रविवार को वृंदावन धाम में नया उद्घोष होगा, ब्रज को मांस मदिरा से मुक्त कैसे बनाएं। ब्रज क्षेत्र में मांस-मदिरा नहीं चलेगी। बिलौठी गांव की 70 वर्षीय हेमलता चौधरी ने धीरेंद्र शास्त्री के बारे में बहुत सुना था। सड़क किनारे उन्हें देखने आईं। फिर बोली, इनकी तो उम्र ही नहीं, लेकिन लाखों लोग इनके पीछे चल रहे हैं। जय हो महाराज की...।

### समापन में आएंगी हस्तियां

मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य,परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के मुनि चिदानंद, अभिनेता अनुपम खेर, संजय दत्त, गायक जुबिन नौटियाल, योग गुरु रामदेव, कथावाचक आचार्य इंद्रेश, ठाकुर देवकीनंद, गायक वी प्राक, कैलाशानंद सरस्वती, रविदासानंद, राजू दास, साध्वी ऋतंभरा आदि समापन कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

## एसटीएफ ने किया मिलावटी पेट्रोल-डीजल के अंतरराज्यीय रैकेट का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ की गौतम बुद्ध नगर इकाई और जिले की थाना एका पुलिस ने एक बेहद सनसनीखेज कार्रवाई में कई जनपदों में फैले नकली और मिलावटी पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह रैकेट टैंकरों के माध्यम से मिलावटी (सब-स्टैंडर्ड) डीजल और पेट्रोल की सप्लाई पेट्रोल पंपों पर कर रहा था, जिससे उपभोक्ताओं के वाहन खराब हो रहे थे और उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हो रहा था।

एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि 14 नवंबर को एसटीएफ उप निरीक्षक सनत कुमार की टीम ने




मुखबिर की सूचना पर एका थाना पुलिस के साथ क्षेत्र के चंद्रा फिलिंग स्टेशन पर घेराबंदी की। पूर्ति विभाग और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर टीम ने सप्लाई देते समय एक टैंकर को पकड़ा और मौके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें मास्टरमाइंड कन्हैया लाल वार्ष्णेय, निवासी सासनी गेट, अलीगढ़, टैंकर चालक पवन गिरी निवासी रंगपुर, थाना सलेमपुर, बुलंदशहर, सद्दाम निवासी वीजा कॉलोनी, बुलंदशहर, चंद्र विजय निवासी जेडा, थाना एका (पेट्रोल पंप संचालक) और सर्वेश कुमार निवासी रसीदपुर सहसवान, थाना जाकिर नगर, बदायूं शामिल हैं। इन सभी को सुसंगत धाराओं में एसटीएफ की तहरीर के आधार पर दर्ज मुकदमे में पाबंद करते हुए कोर्ट में पेश किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त पवन और सद्दाम पर अन्य जिलों में भी मुकदमे दर्ज हैं, जिससे उनके संगठित गिरोह का हिस्सा होने की पुष्टि होती है। पुलिस ने टैंकर से 8000 लीटर अधोमानक पेट्रोलियम पदार्थ जब्त किया। साथ ही, नकद 56,100 रुपे, जो पवन को भुगतान किया जाना था, मोटा प्लास्टिक पाइप और अन्य उपकरण भी बरामद किए।

## रेलवे ट्रैक पर कूड़े के ढेर में पड़ा मिला कटा हाथ

एनएनआई

**हाथरस।** तालाब चौराहे पर रेलवे ट्रैक के पास इंसानी हाथ मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर काफी संख्या में लोग जमा हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस जीआरपी ने हाथ को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। हाल ही में हुई दुर्घटनाओं के आधार पर पुलिस यह पता करने में जुटी है कि यह हाथ किसका है और यहां कैसे आया।

तालाब चौराहा से श्रीनगर नई बस्ती की ओर से रेलवे पटरी की बाउंड्री के सहारे एक युवक ने 15 नवंबर की दोपहर को कूड़े के ढेर में इंसान का हाथ पड़ा देखा। यह देखकर युवक घबरा गया। उसने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने लगभग 50 मीटर के क्षेत्र में छानबीन की, लेकिन कोई



और अंग नहीं मिला। लोग इस हाथ को लेकर अलग-अलग संभावनाएं जता रहे थे। सूचना कोतवाली हाथरस गेट पुलिस को दी गई। वहां से बताया गया कि यह जीआरपी का क्षेत्र है। जीआरपी मौके पर पहुंची और छानबीन करने के बाद हाथ को कब्जे में लिया। जीआरपी थाना प्रभारी सुयेश सिंह चंदेल ने बताया कि हाथ को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साथ ही आसपास हुई ट्रेन दुर्घटनाओं की जानकारी की जा रही है। अक्सर दुर्घटनाओं में पूरा शरीर नहीं मिलता। संभावना है कि ट्रेन में फंसा रह जाने के बाद हाथ यहां गिरा हो।

newsnextindia1@gmail.com
NNi हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया
आगरा समाचार

# जनपद में ओवरलोड वाहनों पर परिवहन विभाग का एक्शन

एनएनआई



**आगरा।** जनपद में अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आज अलग-अलग स्थानों पर 325 वाहनों की चेकिंग की गई। नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों के चालान किए गए। अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश व रोकथाम के लिए डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान में राजस्व, खनन, परिवहन व पुलिस विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स की ओर से लगातार हर रोज कार्रवाई की जा रही है। पिछले सप्ताह से लगातार जिले भर में सभी थाना क्षेत्रों में डंपर व अन्य वाहनों के विरुद्ध जांच की जा रही है। इसी के तहत आज कुल 325 वाहनों की चेकिंग अलग-अलग रूटों पर की गई।जिसमें अनियमितता पाये जाने पर कुल 8 वाहन विभिन्न थाना/चौकियों में जब्त किए गए। 7 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही 30 वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट न होने पर चालान की कार्रवाई की गई। तीन वाहनों को सीज किया गया। आगरा में अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण के लिए पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार और डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने समीक्षा बैठक की। पुलिस कमिश्नरेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में खनन और ओवर लोडिंग रोकने के लिए जिले में पुलिस, आरटीओ और खनन व राजस्व विभाग की 10 संयुक्त टीमें बनाईं। ये टीमें चेकिंग कर रही हैं।

# ऑटो चोरी गैंग का पर्दाफाश

## एत्माद्दौला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन बदमाश गिरफ्तार

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला थाना पुलिस ने शनिवार देर रात रामबाग फ्लाईओवर क्षेत्र में सक्रिय ऑटो चोरी गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। नगला देवजीत क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच अचानक मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो बदमाश पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान गोली लगने से घायल हो गए।

एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय ने बताया की सूचना मिली थी कि ऑटो चोरी गैंग के सदस्य रामबाग फ्लाईओवर के पास मौजूद हैं। थाना अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे और रामबाग चौकी इंचार्ज इंतजार मोहित मलिक के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने अवैध तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और कुछ ही देर में तीनों बदमाशों को दबोच लिया। पूछताछ में



खुलासा हुआ कि गैंग चोरी किए गए ऑटो को तोड़कर उनके पार्ट्स अलग-अलग इलाकों में बेचता था और लंबे समय से इलाके में सक्रिय था। गैंग के अन्य सदस्यों की पहचान भी पुलिस ने कर ली है और जल्द ही और गिरफ्तारियाँ होने की संभावना है। जानकारी देते हुए एसीपी ने बताया कि इनके नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अब गिरोह के पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच कर रही है। टीम ने संयम और साहस के साथ कार्रवाई की और बदमाशों को भागने का कोई मौका नहीं दिया। मौके से एक चोरी किया हुआ ऑटो, ऑटो के अलग-अलग पार्ट्स, दो अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।

## सूचना

मैं अनुभव पुत्र बृजेश चंद्र निवासी विजयनगर नगला मोहनलाल मौजा नाराइच तहसील एत्मादपुर मेरी पुरानी रजिस्ट्री जो की अनुभव पुत्र बृजेश चंद्र के नाम से है मूल कागजात ट्रांस यमुना से रामबाग के रास्ते में कहीं गिर गए हैं। जिसका वही नंबर 1 जिल्द संख्या 9656 पृष्ठ संख्या 385/400 क्रम संख्या 17047 दिनांक 7/12/2015 रजिस्ट्रीकृत किया है जिसे भी मिले कृपया मो नंबर 7409941988 पर संपर्क करें।

# शादी में दूल्हे के चचेरे भाई की मौत, परिजनों में कोहराम

एनएनआई

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के सीता नगर जाट वाली गली से शुक्रवार शाम करीब चार बजे खुशियों के माहौल में बरात अतरौली के लिए निकली थी। बरातियों ने हंसी-खुशी सफर पूरा किया। धूमधाम से बरात चढ़ने के बाद सभी ने दावत खाई। इसी दौरान वरमाला के लिए दूल्हा-दुल्हन स्टेज की ओर जा रहे थे। आरोप है कि इसी बीच दुल्हन पक्ष के कुछ लोग बारातियों को विदाई देने के बहाने मैरिज होम के गेट पर बुलाकर ले गए।

चेन खींचने को लेकर विवाद हो गया और विरोध करने पर बरातियों पर



लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में दूल्हे के चचेरे भाई विनय कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 19 बराती गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज और मारपीट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मौत की खबर मिलते ही खुशियों का माहौल मातम में बदल गया।

एत्माद्दौला क्षेत्र निवासी राहुल पुत्र ओमवीर की शादी शुक्रवार को अलीगढ़ के अतरौली, जगतपुर निवासी रंजीत की बेटी निशा से होनी थी। राहुल गुरुग्राम की कंपनी में इंजीनियर है। चचेरे भाई कबीर सिंह ने बताया कि बरात में 50झ60 लोग गए थे। रास्ते में बस तीन बार खराब हुई थी, लेकिन करीब नौ बजे तक बारात अतरौली पहुंच गई। अतरौली के लक्ष्मी फार्म हाउस में शादी की रस्में चल रही थीं।

जयमाला के बाद आधे बाराती लौटने के लिए बस में बैठ चुके थे। आरोप है कि रात करीब 11 बजे दुल्हन पक्ष के कुछ लोग आए और विदाई देने की कहकर बरातियों को मैरिज होम के गेट पर बुलाया। इसी दौरान चचेरे भाई दिलीप सिंह की सोने की चेन खींच ली गई। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। बीच-बचाव करने पहुंचे विनय कुमार को जमीन पर गिराकर लोहे की छड़ों से बेरहमी से पीटा गया। बचाने पहुंचे अन्य बारातियों को भी दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। हमले में विनय ने तड़पते हुए मौके पर ही दम तोड़ दिया। दिलीप सिंह, अरुण कुमार, सोनू सिंह, मोनू सिंह, योगेंद्र सिंह, ओमवीर सिंह, लाला, संजू, राजू, देवेंद्र, अजय समेत कई बराती गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**आगरा** एनएनआई। फतेहपुर सीकरी कस्बे की धोबी गली में किराये के मकान में रह रहे रामपुर के युवक का शव फंदे से लटकता मिला। युवक ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली थी। आत्महत्या से पूर्व यूट्यूब पर आत्महत्या के तरीके, दर्द का अनुभव, समय आदि के संबंध में सर्च भी किया था।

पुलिस के मुताबिक रामपुर के थाना टांडा के ग्राम हमीरपुर निवासी वसीम (23) पुत्र नाजिम के मोहल्ला धोबी गली में अपने भाई एवं एक अन्य व्यक्ति साथ कई महीने से किराये के मकान में रहकर दांत बनाने का काम करता था।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# फर्जी विधायक का रौब- होटल में रहना और खाना सबकुछ ले रहा था फ्री

## सोशल मीडिया पर वायरल होने पर आला अधिकारियों ने लिया संज्ञान, हिरासत में लिया

एनएनआई

**आगरा।** दिल्ली के दो सगे भाई सदर क्षेत्र के होटल में पिछले 18 दिनों से ठहरे हुए थे। इनमें एक विधायक और दूसरा ड्राइवर बन गया। उन्होंने गाड़ी में हूटर लगाकर सांसद लिखवा रखा था। खुद को विधायक बताने वाला होटलकर्मियों को रौब दिखाकर कमरे और खाने का भुगतान नहीं कर रहा था। शिकायत के बाद पहुंची पुलिस कथित विधायक और उसके भाई को अपने साथ थाने ले गई। गाड़ी को जब्त कर लिया।

एसीपी सदर इमरान अहमद ने बताया कि 29 अक्तूबर को सदर क्षेत्र के पवन होटल में स्कॉर्पियो गाड़ी से दो युवक आए थे, जिसमें हूटर लगाने के साथ सांसद लिखा था। उन्होंने अपने नाम विनोद और मनोज बताए।



विनोद ने खुद को विधायक बताया और कहा कि वह तुगलकाबाद दिल्ली का रहने वाला है। 10 दिन तक वह होटल स्टाफ पर रौब जमाता रहा। भुगतान मांगने पर फटकार दिया।

होटल स्टाफ ने 12 नवंबर को रुपये मांगे तो फिर धमका दिया। इस पर पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस के सामने कथित विधायक ने दो दिन में पूरा हिसाब करने के लिए कहा, लेकिन भुगतान नहीं किया। इस पर होटल मालिक ने फिर से पुलिस बुला ली। दोनों को पुलिस अपने साथ थाने ले गई। उनकी गाड़ी को जब्त कर दिया। इनके खिलाफ मुकदमा लिखा जा रहा है।

दिन भर उनके परिचित होटल में आकर बैठे रहते और उन्होंने आसपास के होटलों और रेस्टोरेंट्स से खाना मंगाकर खाना शुरू कर दिया। कोई खाने के रुपये मांगता तो धमकाने लगते। चार दिन पहले आजिज आकर उन्होंने सौदागर लेन चौकी पर पुलिस से शिकायत कर कमरा खाली कराने और किराया दिलाने की मांग कर तहरीर दी।

पुलिस बात करने पहुंची तो आरोपित ने उन्हें भी डरा दिया। पुलिसकर्मी उल्टा उन्हें किराया मिल जाने का आश्वासन देकर एक दिसंबर तक विधायक के रहने की बोलकर चले गए। एसीपी इमरान अहमद ने बताया कि आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है कि कहीं उनके द्वारा अन्य किसी के साथ भी ठगी तो नहीं की गई है।

गुरुवार को आरोपित विनोद गाड़ी लेकर एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंच गया। वहां एक प्रतियोगिता के दौरान कर्मचारियों को हड़काया। डरकर कर्मचारियों ने वीआईपी ट्रीटमेंट दिया। आरोपित ने अधिकारियों पर रौब झाड़ा और वर्ड कप जीत कर आगरा पहुंची दीप्ती शर्मा के स्वागत जुलूस में ले जाकर विशेष मुलाकात करवाने को कहा। अपने और बेटे के क्रिकेट खेलने आने के लिए इंतजाम करने को कहा।

इसी दौरान किसी ने खुद को मीडियाकर्मी बताकर मोबाइल पर उनका बयान रिकॉर्ड कर लिया। आरोपित ने खुद को विधायक आगरा बताकर बयान दिया था। वीडियो प्रसारित होने के बाद चर्चा का विषय बन गया। मामला अधिकारियों तक पहुंचा।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

रविवार, 16 नवम्बर, 2025



# सदर तहसील में लेखपालों का प्रदर्शन

## आठ सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे, जमकर की नारेबाजी

एनएनआई

**आगरा।** सदर तहसील में लेखपालों ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान लंबित चल रही मांग पूरी न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके चलते लेखपाल अपने कार्य से वृत्त रहे। दूर-दराज से आए किसानों को बिना खसरा खतौनी निकलवाए ही बिना वापस लौट कर जाना पड़ा। वहीं इससे आय जाति, निवास और आईडब्ल्यूएस के प्रमाण पत्र का काम बाधित रहा।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें लेखपाल पद की शैक्षणिक योग्यता और पदनाम परिवर्तन, प्रारंभिक वेतनमान उच्चीकरण, एसीपी विसंगति, मृतक आश्रित लेखपालों की पुरानी पेंशन विसंगति, राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार के अतिरिक्त पद सृजन, स्टेशनरी भत्ता, वाहन भत्ता, और विशेष वेतन भत्ता में वृद्धि जैसी मांगें शामिल हैं। लेखपाल संघ का कहना है कि उनकी मांगें पिछले कई वर्षों से लंबित हैं और सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द से जल्द पूरी नहीं की गईं तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

लेखपाल संघ की मांगों में से एक यह भी है कि लेखपाल का पदनाम राजस्व उपनिरीक्षक किया जाए, जैसा कि उत्तराखंड और झारखंड में किया गया है। इसके अलावा, उन्होंने लेखपालों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने की मांग की है, जो 28 मार्च 2005 के बाद नियुक्त लेखपालों के लिए बंद कर दी गई थी। लेखपाल संघ ने सरकार से मांग की है कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए और जल्द से जल्द शासनादेश जारी किया जाए।





### लेखपालों का कार्य बहिष्कार, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**बाह।** तहसील मुख्यालय बाह पर ग्रेड पे 2800 किए जाने, अंतर मंडलीय स्थानांतरण, पदनाम एवं शैक्षिक योग्यता स्नातक किए जाने, जनसंख्या के अनरूप लेखपाल क्षेत्र का परिसीमन किए जाने की मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला को सौंपा।

### मांगों के समाधान को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**किरावली।** तहसील किरावली में लेखपालों ने सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान लेखपालों ने अपनी जायज मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार से जल्द समाधान की मांग उठाई। प्रदर्शन के उपरांत तहसील दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा में समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया, तो आंदोलन को और अधिक तेज एवं राज्यव्यापी रूप दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष वीरपाल, तहसील अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, तहसील मंत्री मनोज रावत, अनुराग यादव, घनेन्द्र, अतुल, रामअवतार ,संदीप, धर्मेंद्र, चाँदनी, सौरभ, नेहा, दीक्षा, छवि, पूजा उपस्थित रहे।



### गृह स्वामियों पर नगर निगम कस रहा शिकंजा

**आगरा** एनएनआई। नगर निगम ने गृह स्वामियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़े पैमाने पर कुर्की वारंट जारी करना शुरू कर दिया है। डिमांड नोटिस के बावजूद गृहकर जमा न करने वाले होटल, मैरिज होम और भवन स्वामियों पर अब निगम का शिकंजा कस रहा है। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने विशेष रूप से 50 हजार रुपए से अधिक बकाया रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ताजगंज जोन में ही 43 होटल, 8 मैरिज होम और 28 अन्य भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर पांच दिन की मोहलत दी गई है। निर्धारित समय में भुगतान न करने वाले बकायेदारों की संपत्ति कुर्क की जाएगी। निगम का कहना है कि इन सभी पर गृहकर के रूप में लाखों रुपये का बकाया है।नगर निगम बार-बार नोटिस देकर बकाया गृहकर जमा कराने का मौका दे रहा है। इसके बावजूद भुगतान न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अनिवार्य हो गई है। पचास हजार से अधिक बकाया रखने वाले सभी संपत्ति स्वामियों पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। किसी भी कीमत पर राजस्व की हानि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रायपुर में किसानों की वन विभाग से नोंक-झोंक

## बाग-बगीचा, कुआं, नलकूपों के मुआवजा को लेकर किया हंगामा

एनएनआई

**एत्मादपुर।** अधिग्रहित भूमि पर भौतिक कब्जा लेने के बाद आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) आंतरिक सड़क निर्माण के लिए अब तक बिना किसी अनुमति के एक सैकड़ा से अधिक हरे वृक्षों का कत्ल कर चुका है। क्षेत्रीय किसानों ने शनिवार को अपने बाग-बगीचों, कुआं और नलकूपों का अस्तित्व मिटाने पर मुआवजा की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। वन विभाग के कर्मचारियों से उनकी तीखी नोंक-झोंक भी हुई। फिलहाल यहां एडीए द्वारा बिना अनुमति चलाए जा रहे हरे वृक्षों के कटान को वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने रुकवा दिया है। जेसीबी और उखाड़े गए वृक्षों की लकड़ी जब्त कर वन संरक्षण अधिनियम के तहत उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रहनकलां-रायपुर मौजा क्षेत्र में अधिग्रहित 442 हेक्टेयर भूमि में से विकास प्राधिकरण आगरा अब तक मात्र 100-140 हेक्टेयर के लगभग जमीन पर ही भौतिक कब्जा ले पाया है। प्रभावित क्षेत्रीय किसान अपनी जमीन का शेष मुआवजा देने की पुरजोर मांग कर रहे हैं। रायपुर मौजा क्षेत्र में भौतिक कब्जा के बाद एडीए अधिग्रहित भूमि पर आंतरिक विकास को सड़क बनाने के लिए कई दिन से हरे पेड़ों को काटने में लगा था। शुक्रवार को किसानों की शिकायत पर वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर कटान रुकवाकर जेसीबी और लकड़ी जब्त कर ली। वन विभाग का कहना है कि हरे-सूखे वृक्षों को बिना किसी अनुमति के जेसीबी से उखाड़ दिया गया है। शनिवारको क्षेत्रीय किसान और महिलाओं ने खेतों में उखड़े पड़े पेड़ों को आरी मशीन से काट रहे वन विभाग के कर्मचारियों की कार्य का विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान दोनों पक्षों में तीखी नोंकझोंक भी हुई। किसानों का आरोप है कि उन्हें अभी तक पूरा मुआवजा नहीं मिला है। सड़क निर्माण को खेतों में विकसित बाग-बगीचों में खड़े वर्षों पुराने पेड़-पौधों को बिना मुआवजा दिए उखाड़कर नष्ट किया जा रहा है। एडीए की टीम बिना पूर्व सूचना और क्षतिपूर्ति प्रक्रिया को पूरा किए गुपचुप जेसीबी लेकर आई और पेड़ उखाड़ना शुरू कर दिया। किसानों के अनुसार प्राधिकरण अब तक बहादुर सिंह, पवन देवी, श्रीमती, बांकेलाल, बनी सिंह आदि के खेतों से हरे पेड़ों को उखाड़ चुका है।





> रायपुर में एडीए द्वारा उखाड़े गए 17 वृक्षों की लकड़ी बरामद कर जेसीबी जब्त कर ली गई है। जांच के आधार पर वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4 व 10 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।
>
> **महेंद्र सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी, एत्मादपुर रेंज।"**

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# विद्यार्थी उद्यमी बनकर पूरे करें सपने

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत सेठ पदम चंद जैन वाणिज्य, व्यवसाय प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र संस्थान में महिला उद्यमियों की सफलता की कहानियाँ विषय पर एक प्रेरक एवं उत्साहवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न सफल महिला उद्यमियों की जीवन यात्राओं से परिचित कराना, उनमें नवाचार, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना तथा उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था।

कुलपति प्रो. आशु रानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सहकारिता से समृद्धि की अवधारणा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि आज की युवा पीढ़ी डिजिटल उपकरणों और नवीनतम तकनीक की सहायता से किसी भी व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकती है। उन्होंने सहकारी समितियों की भूमिका और सामूहिक प्रयासों के महत्व को सरल शब्दों में समझाते हुए छात्राओं को स्टार्टअप और उद्यमिता के अवसरों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित महिला उद्यमियों ने अपनी प्रेरक सफलता यात्राएँ साझा कीं। मिनिएचर गार्डन एवं बोन्साई कला की अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉ. सुमिता डोडिया ने अपनी उपलब्धियों, पुरस्कारों और उद्यमशीलता के अनुभवों के साथ-साथ बोन्साई, इकेबाना और मिनिएचर गार्डन के सुंदर मॉडलों का प्रदर्शन भी किया। अशोका ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की चेयरपर्सन डॉ. रंजना बंसल ने अपनी प्रेरक कहानी सुनाते हुए बताया कि कैसे उन्होंने 1988 में बिना किसी व्यावसायिक अनुभव के एक छोटे उद्यम को संभालकर उसे बहुआयामी उद्योग समूह के रूप में परिवर्तित किया। कार्यक्रम में पिंक बेल्ट मिशन की संस्थापक, अंतरराष्ट्रीय कराटे पदक विजेता और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सुश्री अपर्णा राजावत ने अपनी संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कैसे दुर्घटनाओं, असमानताओं और संघर्षों ने उन्हें महिलाओं को डिजिटल, मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के मिशन पर अग्रसर किया।

# छात्राओं ने यूनिवर्सिटी के गेस्ट लेक्चरर पर लगाया शोषण का आरोप

एनएनआई

**आगरा।** यूनिवर्सिटी के गेस्ट प्रोफेसर पर दो छात्राओं ने शोषण का आरोप लगाया। छात्राओं ने कहा कि प्रोफेसर रात को गंदे-गंदे मैसेज करते हैं। प्रोफेसर को कॉलेज से संबंधित सभी वॉट्सएप ग्रुप में से हटा दिया गया है। कुलपति के निर्देश पर जांच कमेटी का भी गठन कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान में एक गेस्ट लेक्चरर पर बीए और एमए की दो छात्राओं ने शोषण का आरोप लगाया है। छात्राओं की शिकायत है कि प्रोफेसर ने पहले बीए की छात्रा को अपने जाल में फंसाया। उससे मिलना-जुलना शुरू किया। रात में गंदे-गंदे मैसेज किए। इसके बाद एमए की छात्रा के साथ भी ऐसा ही किया। छात्राओं ने कहा कि प्रोफेसर रात को गंदे-गंदे मैसेज करते हैं। लिखते हैं- "मैं शराब पी रहा हूं, मेरे साथ आकर शराब पी लो। मैं आपके सारे काम करवा दूंगा।" छात्राओं ने परेशान होकर पहले प्रोफेसर की मौखिक और फिर लिखित शिकायत की। छात्राओं के साथ-साथ छात्रों ने भी इस बात की पुष्टि की कि प्रोफेसर का व्यवहार छात्रों के प्रति गलत है।

इससे पहले विगत 28 अक्टूबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पर रिसर्च स्कॉलर ने शारीरिक शोषण के आरोप लगाए थे। छात्रा का आरोप था कि प्रोफेसर ने दो साल तक शादी का झांसा देकर उसका रेप किया। वह उसे मध्यप्रदेश और मथुरा के होटलों में ले जाकर शोषण करता था।

# बुजुर्गों को बचपन का अहसास कराती हैं बाल कविताएं



- शरद गुप्त के बाल काव्य संग्रह का विमोचन
- नागरी प्रचारिणी सभा में साहित्यकारों का हुआ समागम

एनएनआई

**आगरा।** बाल साहित्यकार डा.शशि गोयल ने कहा है कि बाल कविताएं बुजुर्गों को भी बाल्यकाल का अहसास कराती हैं। वहीं बच्चों के जीवन में एक दिशा भी प्रदान करती हैं। इसलिए बाल साहित्य का सृजन बहुत आवश्यक है।

नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा साहित्यसेवी शरद गुप्त की द्वितीय साहित्यिक कृति 'नन्ही नन्नू की नन्ही दुनिया' बाल काव्य संग्रह का विमोचन पुस्तकालय भवन में किया गया। मुख्य अतिथि डा.शशि गोयल थीं। उन्होंने कहा कि बाल साहित्य पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए नागरी प्रचारिणी सभा के सभापति डा.खुशीराम शर्मा ने कहा कि शरद की बाल काव्य संग्रह में साहित्य, कला, संस्कृति, पर्व, त्योहार और महोत्सवों की झलक मिलती है।

समीक्षा करते हुए साहित्यकार डा.आर.एस.तिवारी शिखरेश ने कहा कि बाल साहित्य सृजन के लिए कवि को परकाया प्रवेश करना पड़ता है, यानि अपने मन को बच्चा बनाना पड़ता है, तब यह सृजन होता है।

केंद्रीय हिंदी संस्थान की पूर्व निदेशक डा.बीना शर्मा ने भी काव्य संग्रह पर विस्तृत विचार व्यक्त किए। शरद गुप्ता का परिचय आगरा कालेज के पूर्व प्राचार्य डा.विनोद माहेश्वरी ने दिया। शरद गुप्ता ने अपने काव्य संग्रह के बारे में जानकारी दी। संचालन डा.कमलेश नागर ने किया। डा.मधुरिमा शर्मा, डा.सुनीता चौहान, डा.आभा चतुर्वेदी, डा वत्सला प्रभाकर, नितिन जौहरी, डॉ आनंद राय,शेषपाल सिंह शेष, ब्रजबिहारी बिरजू, रामेंद्र शर्मा रवि, दिलीप रघुवंशी, आचार्य यादराम सिंह कवि किंकर, आचार्य उमाशंकर पाराशर, रमेश पंडित, प्रकाश गुप्ता बेबाक, प्रेम राजावत , डॉ रमेश आनंद, सुधीर शर्मा, देवांश , मुकुल, पवन गुप्ता, एस के बग्गा, गीतिका, रेखा आदि मौजूद रहे।

# यूथ कांग्रेस ने चुनाव आयोग के खिलाफ किया प्रदर्शन

- मुख्य चुनाव आयुक्त पर बिहार चुनाव में भरपूर धांधली कर एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाने का लगाया आरोप



**आगरा एनएनआई।** यूथ कांग्रेस द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व मे एनडीए के प्रमुख रणनीतिकार मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीर को मिठाई खिलाकर व पटाखे चलाकर बिहार चुनाव मे भरपूर धांधली कर एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाने की बधाई दी।

दीपक शर्मा ने बताया की आगरा का लाल कर गया कमाल ।चुनाव आयोग ने बिहार चुनाव मे भरपूर धांधली की भारत के इतिहास मे पहली बार हुआ है बिहार में लोगों के एक नहीं बल्कि दोनो हाथों में स्याही लगी हुई थी। धड़ल्ले से फर्जी बोटिंग हुई,आगरा के लाल ज्ञानेश कुमार द्वारा ही सम्भव हुआ की एक कमरे में 2000 से भी अधिक वोटर रह रहे है। ये पहले ऐसे चुनाव अयुक्त है जिन्होंने तीन महीने एक एक व्यक्ति के दो राज्यो में वोट डलवाये है। चुनाव से पहले पचास लाख से अधिक वोट बिहार में बिना किसी कारण काट दिये। लगता है अब सरकार बनाने के लिये के जनता के पास जाने की वोट मांगने की जरूरत नही सीधी चुनाव आयुक्त से सेटिंग भी सरकार बना सकती है।लोगो का चुनाव आयोग से भरोसा हट गया है। ज्ञानेश कुमार की भूमिका चुनाव मे एनडीए के रणनीतिकार बमवाली रही है। जिसका यूथ कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष ताहिर हुसैन, बिल्लू चौहान, बन्टी खान रंगरेज, गोविन्द, दीपक दीक्षित, आसिफ, फरमान, साहिल, रेहान, शंकरलाल, दीपक कुमार, पिन्टू, रवि, फैसल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# 10 दिवसीय प्रदर्शनी से हस्तशिल्पियों को मिला प्रोत्साहन, दिखे प्रसन्न

## आगरावासियों के साथ विदेशियों ने भी हस्तशिल्प प्रदर्शनी में दिखाई रुचि

एनएनआई



**आगरा।** हस्तशिल्प के प्रति जन जागरूकता और हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) एवं हस्तशिल्प सेवा केंद्र आगरा सँग आगरा जरी जरदोजी कार्य निमार्ता कंपनी द्वारा सदर बाजार स्थित क्वीन इंप्रेस मैरी लाइब्रेरी में 10 दिवसीय हस्तशिल्पी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में हरिद्वार, एटा, कन्नौज, बरेली, फिरोजाबाद, बनारस, असम, आगरा और आसपास से आए 20 हस्तशिल्पियों ने अपने हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया।

इनमें साँझी कला, तारकशी, हाथ थप्पा छपाई, टाई एंड डाई, मधुबनी पेंटिंग, गोंड आर्ट, स्टोन कार्विन, घास की पत्तियों और फसल अवशेष से दैनिक उपयोग में आने वाली विभिन्न वस्तुओं को बनाने की कला, संगमरमर पर पच्चीकारी और जरी जरदोजी की कला के साथ-साथ असम की रेशम साड़ी, बनारस की बनारसी साड़ी, हरिद्वार के शॉल और जैकेट, एटा की हैंड ब्लॉक पेंटिंग, कन्नौज की अगरबत्ती और एटा की आर्टिफिशियल ज्वेलरी प्रमुख रूप से शामिल रही। आगरावासियों के साथ-साथ विदेशियों ने भी रुचि प्रदर्शित करते हुए 10 दिन में लाखों रुपए के हस्तशिल्प उत्पाद खरीद कर हस्तशिल्पियों का उत्साहवर्धन किया।

समापन पर जब प्रदर्शनी संयोजक ब्रजमोहन शर्मा द्वारा सभी हस्तशिल्पियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तो वे प्रदर्शनी में मिले प्रोत्साहन से प्रसन्न नजर आए। हस्तशिल्पियों ने वस्त्र मंत्रालय और आगरा जरी जरदोजी कार्य निमार्ता कंपनी का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने हस्तशिल्पियों को एक अच्छा मंच प्रदान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में उन्हें जब भी बुलाया जाएगा, वे अवश्य आगरा आएंगे। इस दौरान प्रदर्शनी संयोजक ब्रजमोहन शर्मा के साथ पूर्व राज्य मंत्री देवेंद्र कुमार चुल्लू, जॉन मिल्टन ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक विनोद बंसल, समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद, सुमित शर्मा, ममता दुबे, अभिषेक भारद्वाज, दिव्या सिंह, आशा देवी, धीरज कुमार, शालिनी शर्मा और आकाश भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## फीलिंग माइंड्स ने उदयन केयर होम, गुरुग्राम में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

# नन्ही मुस्कानों और हंसी से गूंजी एक शाम





एनएनआई

**आगरा/ गुरुग्राम।** फीलिंग माइंड्स ने उदयन केयर होम, गुरुग्राम के उज्ज्वल और हँसमुख बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया, जिससे शाम बेहद हृदयस्पर्शी और यादगार बन गई।

कार्यक्रम का संचालन शैलेश जिंदल ने किया, जिन्होंने अपने ऊर्जा और उत्साह से पूरे समारोह को जीवंत बना दिया। उन्होंने नृत्य, संगीत और कहानी कहने के सत्रों को खूबसूरती से संचालित किया, जिससे बच्चे पूरी तरह से शामिल रहे और पूरे कार्यक्रम में मुस्कान और हँसी गूंजती रही। फीलिंग माइंड्स ने इस मौसम के अनुरूप एक सौम्य, स्नेहपूर्ण संवेदनशीलता का स्पर्श जोड़ा।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. किरण मोदी, संस्थापक और प्रबंध न्यासी, उदयन केयर, के प्रति हार्दिक सम्मान के साथ हुई। उन्होंने वर्ष 1994 में "मेकिंग यंग लाइव्स शाइन" की दृष्टि के साथ इस संस्था की स्थापना की। वर्षों में, उन्होंने समूह गृहों और कई प्रभावशाली पहलों के माध्यम से अनाथ और जोखिमग्रस्त बच्चों के सहयोग के लिए एक सशक्त आंदोलन स्थापित किया है। कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित, डॉ. मोदी आज भी अटूट समर्पण और करुणा के साथ इस महान और परिवर्तनकारी कार्य को आगे बढ़ा रही हैं। समारोह और भी अर्थपूर्ण बन गया डॉ. चिनू अग्रवाल, संस्थापक निदेशक, फीलिंग माइंड्स; ट्रस्टी और रिसर्च हेड, हेमा फाउंडेशन, टेडएक्स स्पीकर और







रिलेशनशिप एक्सपर्ट, की उपस्थिति से। उन्होंने बच्चों के साथ विचारपूर्ण और संवादपूर्ण समय बिताया। उन्होंने भावनात्मक स्वास्थ्य, दयालुता और स्वयं पर विश्वास की महत्ता पर बात की, जिससे बच्चों के हृदय में एक गर्मजोशी भरा प्रभाव पड़ा। डॉ. रविंद्र अग्रवाल की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और समृद्ध किया, और उनके उत्साहवर्धक शब्दों ने समारोह में गरिमा और गहराई जोड़ दी। कार्यक्रम का आयोजन ऋतु सिंह, बिजनेस डेवलपमेंट हेड, फीलिंग माइंड्स, के मार्गदर्शन और नेतृत्व में किया गया, जिनके प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक बच्चा इस उत्सव को अर्थपूर्ण और हर्षपूर्ण रूप से अनुभव कर सके। उदयन घर टीम की ओर से समन्वय का नेतृत्व सुश्री प्रियंका पराशर, होम इंचार्ज, ने किया, जिनकी सहायता से समारोह का आयोजन बेहद सुचारु रूप से हो पाया। उदयन घर के मेंटर्स और स्टाफ, जो बच्चों के कल्याण के लिए निरंतर, निस्वार्थ और पूरे मन से कार्य करते हैं, समारोह में उपस्थित रहे और उन्होंने पूरे उत्साह से भाग लिया। उनकी उपस्थिति ने इस सभा को मजबूती और भावनात्मक गहराई प्रदान की।

कार्यक्रम में उदयन घर की ओर से रंजन घोष मेंटर फादर, अनिल भानेवार चाइल्ड वेलफेयर ऑफिसर, लिली घोष हाउस मदर, नूतन मिश्रा मौजूदर रहे। ये सभी मिलकर बच्चों का पालन-पोषण, मार्गदर्शन और देखभाल अत्यंत समर्पण के साथ करते हैं। कार्यक्रम को उषा, फीलिंग माइंड्स, से भी महत्वपूर्ण सहयोग मिला, जिनकी सहायता ने इसके सुचारु संचालन में योगदान दिया। अंत में, सभी ने एक साथ बैठकर पौष्टिक भोजन का आनंद लिया, जिससे साधारण भोजन का क्षण भी स्नेह और जुड़ाव से भर उठा। पूरी शाम आनंद और साथपन के माहौल से खिल उठी।

## राधास्वामी दृष्टिबाधितार्थ ने मनाया स्थापना दिवस

एनएनआई

**आगरा।** राधास्वामी दृष्टिबाधितार्थ संस्थान (आगरा आवासीय दृष्टिबाधित विद्यालय) एवं सर्वजन वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में यूथ होस्टल में संस्थान का 20वां स्थापना दिवस समारोह और वीरांगना भीमा बाई होलकर की 235वीं जयंती का आयोजन किया गया। शुभारंभ अध्यक्ष डॉ . मधु भारद्वाज, मुख्य अतिथि गायिका निशि राज, संचालिका डा.शशि गुप्ता तथा संस्थान के संस्थापक जगन्नाथ बघेल,अध्यक्ष राकेश कबीर, वरिष्ठ कवि डॉ. मिलन,सोसायटी के अध्यक्ष नीरज मिलन ने माँ सरस्वती एवं वीरांगना भीमा बाई तथा लुई ब्रेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं – दिव्या, मानवी, इशिता और सलोनी ने मधुर सरस्वती वंदना, हृदयस्पर्शी स्वागत गीत और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

संस्थान के अध्यक्ष राकेश कबीर ने राधास्वामी दृष्टिबाधितार्थ संस्थान



की गतिविधियों की जानकारी देते हुए सर्वसम्मति से एक 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया। संस्थान के स्वयं संसाधनों द्वारा किए गए कुशल कार्यों को देखते हुए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विद्यालय को 2024 में राज्यस्तरीय प्रेरणास्त्रोत पुरस्कार दिया गया।

वरिष्ठ कवि डॉ. राजेन्द्र मिलन की कविता थी –दृष्टिहीन ये बंधु नेत्र से भले देख न पाते लेकिन अंतर्दृष्टि के बल ये सकल सृष्टि लख पाते। हम को दृष्टि मिली है, मिली न किंतु हिए की आंखें, इसीलिए हम कर्म धर्म का मर्म समझ न पाते.....

कवि सम्मेलन में अन्य कवियों में सुशील सरित, ब्रजबिहारी लाल बिरजू, इन्दल सिंह इन्दु, चन्द्रशेखर, याद राम किंकर, साग्या, प्रकाश बेबाक, राजीव शर्मा निस्पृह, आचार्य उमाशंकर,नीता दानी आदि ने समसामयिक रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

संस्थान के कोषाध्यक्ष बलराज सिंह, सचिव स्वामी प्रताप सिंह बघेल, उपाध्यक्ष बॉबी पोरवाल, उपसचिव विकास गोयल, अध्यापक नवीन कुमार, अध्यापिकाएं जाकिया बानो, आशा कपूर, योगेश कुमार, रूवी कपूर आदि तथा सोसायटी के सचिव राहुल सिंह,श्रीकृष्ण धनगर,विमल किशोर,नितेश मिलन, निर्मल, सौम्या, हेमंत, राजकुमार , आदर्श नंदन आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सरस्वती विद्या मंदिर में लगा माधव बाल मेला

एनएनआई

**आगरा।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर और वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने तथा संघ शताब्दी वर्ष के हर्ष उल्लास की श्रृंखला में प्रसिद्ध विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर आगरा में एक भव्य माधव बाल मेला आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा लगाई गई विविध प्रदर्शनी ,स्टॉल, और मंचीय प्रस्तुतियों का अवलोकन निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर श्री मनोज कुमार जी ने बालकों की प्रतिभाओं की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उत्साह वर्धन किया और विद्यालय के इस प्रयास को प्रशंसनीय बताया।जिसमें छात्रों ने अपनी विविध रुचियों और प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। खान पान और कला और मांडल प्रदर्शनी के साथ मुक्ताकाशीय मंच से क्विज, गीत संगीत, नृत्य, बाल कवि सम्मेलन, गायन ,वादन ऐक्टिंग, मिमिक्री करने




वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। सुबह 11 से 2 बजे तक लगे मेले में भारी भीड़ रही। अभिभावकों ने भी उत्साह पूर्वक मेले का आनन्द लिया।कार्यक्रम उद्घाटन में समस्त प्रबंधन तंत्र प्रबंधक अमित अग्रवाल जी, राकेश मंगल जी, अनंत विश्वेंद्र जी, महेन्द्र गर्ग जी,विजय गोयल जी, और प्रधानाचार्य कृष्ण कांत द्विवेदी जी सहित समस्त शिक्षक गणों के साथ साथ अविभावक उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का संचालन श्री मनोज यादव व अन्य व्यवस्था में किशन सारस्वत, अरविंद मिश्रा, अंशुल अग्रवाल,भूपेंद्र राघव, मधुरिमा शर्मा, सीमा शुक्ला,सरला भारद्वाज,मणि गुप्ता, अंशु शर्मा,गोविंद राम, राहुल चौधरी कपिल लवानिया, ज्ञानेंद्र तिवारी, मेजर शंभू पांडे ने व्यवस्था संभाली।

# डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

## समाधान दिवस पर 81 शिकायतें दर्ज, 9 का मौके पर निस्तारण

एनएनआई

**किरावली।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने बारी-बारी से जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी लंबित फाइलों का निस्तारण हर हाल में कर भेजा जाए।

गांव खेड़िया प्रथम निवासी पूरन देवी और उनके पति रमेश ने जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई कि गांव के दबंग उनकी पैतृक भूमि 18 विश्वा पर जबरन कब्जा कर रहे हैं और उन्हें खेत जोतने-सींचने नहीं दे रहे। पूर्व में शिकायत देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी किरावली नीलम तिवारी को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

गांव सामरा निवासी किसान हरिप्रसाद शर्मा ने बताया कि राजस्थान की ओर से आए पानी के कारण फसल नष्ट हुई, परंतु मुआवजा गांव के अन्य किसानों को मिल गया, उन्हें नहीं। उन्होंने बताया कि 163 किसानों की सूची अभी भी लंबित पड़ी है और मुआवजा दिलाने की मांग की।



### बाह में 8 शिकायतों का हुआ समाधान

**बाह।** बाह के संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला ने फरियादियों को सुना। कुल दर्ज हुई 61 शिकायतों में से मौके पर 8 का निस्तारण हुआ। सर्वाधिक 27 शिकायतें राजस्व विभाग की रहीं। पुलिस और राजस्व विभाग की 18, विकास विभाग की 7, आपूर्ति विभाग की 3, बिजली विभाग की 2 तथा पीडब्ल्यूडी, मंडी समिति, कृषि, डूडा की 1-1 शिकायत रही। इस दौरान एसीपी गिरीश कुमार, बीडीओ नीरज तिवारी आदि रहे। संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद बाह के एसडीओ (विद्युत) नितिन माहेश्वरी की तबीयत खराब हो गई। आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया।

भारतीय किसान यूनियन इंडिया के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश ने फतेहपुर सीकरी मंडी में किसानों के माल खरीदने में धांधली का आरोप लगाते हुए शिकायत सौंपी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर अनियमितताओं का आरोप लगाकर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

दाऊदपुर के ग्रामीण सुरेंद्र सिंह, जगबीर, बलदेव सिंह, गंगाराम शर्मा, संजीव शर्मा, रूपेंद्र आदि ने लेखपाल पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की।

कुल 81 शिकायतें दर्ज, 9 का हुआ तत्काल निस्तारण सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 81 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 9 का मौके पर निस्तारण किया गया।

विभागवार शिकायतों में राजस्व विभाग 48, पुलिस 17, विकास विभाग 8, विद्युत 2, अन्य 2 कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन आजाद भगत सिंह, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिमा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव, एसीपी अछनेरा रामप्रवेश गुप्ता, उपजिलाधिकारी किरावली नीलम तिवारी सहित डीपीआरओ, जिला आपूर्ति अधिकारी, बीएसए, डिप्टी सीएमओ डॉ. नंदन सिंह, एमओआईसी किरावली डॉ. राघवेन्द्र सिंह, विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# किरावली से अछनेरा तक निकली पदयात्रा, दिया एकता का संदेश



एनएनआई

**किरावली।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने किरावली से पुरामना होते हुए अछनेरा तक पदयात्रा निकाली। चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान और जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया मौजूद रहे।

किरावली चौराहा पर चेयरमैन प्रवीना सिंह ने बुलडोजर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। विक्रांत प्रधान ने पदाधिकारियों को माला-साफा पहनाकर सम्मानित किया। पुरामना में जलपान की व्यवस्था की गई। चंद्रा पेट्रोल पंप पर जिला संयोजक रामनरेश ने 21 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया, जबकि भजनलाल शर्मा ने फल वितरण किया। अछनेरा में गिरीश विधौलिया और डॉ. नीरज शर्मा ने साफा-माला पहनाकर सत्कार किया। पूर्व चेयरमैन अशोक अग्रवाल ने भी बुलडोजर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

समापन अग्रोहा सेवा सदन पर हुआ, जहाँ भोजन, फल और ठंडा जल वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम भदौरिया, ब्रज क्षेत्र कोषाध्यक्ष तपेश जैन, किरावली चेयरमैन प्रवीना सिंह इंदौलिया, खेरागढ़ चेयरमैन सुधीर गर्ग, जिला मंत्री सहदेव शर्मा, जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर माहौर, राजवीर इंदौलिया, मोहन सिंह चाहर, अभिलाष चाहर, भाजपा मंडल अध्यक्ष पिंकी सरपंच सहित भाजपा के हजारों कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# न्याय को मृत पेट्रोलपंपकर्मी के परिजनों ने दिया धरना

एनएनआई

**किरावली।** विद्युत विभाग की वायदा-खिलाफी के आरोपों को लेकर मृत पेट्रोलमैन रवि कुमार सोलंकी के परिजन पिछले चार दिनों से तहसील सदर परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। 33/11 केवी उप केंद्र किरावली टाउन पर 20 वर्षों से कार्यरत 38 वर्षीय रवि कुमार 9 अप्रैल 2025 को शटडाउन के दौरान लाइन मरम्मत करते समय अचानक करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। 15 अप्रैल को निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों ने 15 लाख की आर्थिक सहायता, आश्रितों को पेंशन और पत्नी को संविदा नौकरी देने का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में मात्र 7.50 लाख अनुग्रह राशि देकर मामला बंद कर दिया गया। लगभग सात महीने से पीड़िता विभाग के चक्कर लगा रही है, पर सुनवाई नहीं हो रही। किसान मजदूर नेता चौधरी



दिलीप सिंह ने 28 अक्टूबर को जिलाधिकारी से मिलकर प्रकरण की जानकारी दी थी। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। वायदा-खिलाफी से क्षुब्ध होकर मृतक की 70 वर्षीय माँ प्रभा देवी, पत्नी रजनी देवी और नाबालिग बच्चे – संदीप, दिव्यांश और तमन्ना – न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं।

# रात के अंधेरे में रहने को मजबूर, फिर भी नहीं छोड़ रहे मेला

**बाह** एनएनआई। बटेश्वर मेला संपन्न होने के 6 दिन बाद भी मनोरंजन के साधन के अलावा कंबल, हींग, पत्थर, बक्सा, काठ की दुकानें लगी हुई हैं। बिजली कट गई, अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। पेयजल आपूर्ति बंद हो गई, पानी के लिए गांव तक की दौड़ लगानी पड़ रही है। लेकिन हाथरस, कानपुर, इटावा, धौलपुर, भिंड, अलीगढ़ के दुकानदार मेला से लौट नहीं रहे। दरअसल मेला समापन के बाद ग्रहस्थी का सामान खरीदने के लिए क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को सिरसागंज की मोनिका, ज्योति, राखी, धर्मेन्द्र,



ब्रजेश, राजू ने बताया कि साल भर के लिए हींग और ग्रहस्थी का सामान खरीदा है। शिकोहाबाद के संतोष, प्रहलाद, कीर्ती, हेमलता ने बताया कि भोलेनाथ के दर्शन पूजन हो गये, घर के लिए बक्सा, पत्थर की चाकी खरीद कर ले जा रहे हैं। राजाखेड़ा के दुर्गेश, छविराम, अजुद्दी प्रसाद, सियावती, सुमिरा देवी ने कंबल, काठ का सामान खरीदा है। पुलिस द्वारा दुकानें उखाड़े जाने की अपील करने के बाद भी दुकानदार खरीददारों की बजह से मेला छोड़ना नहीं चाह रहे।

# 150वीं जयंती पर क्रांतिदूत बिरसा मुंडा को किया नमन

एनएनआई

**आगरा।** डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में शनिवार को स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में लोकनायक, स्वाधीनता संग्राम सेनानी एवं क्रांतिदूत बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती पर उनके द्वारा आदिवासी समुदाय के लिए गए कार्यों एवं जीवन पर चर्चा की गई और को याद किया गया।

आयोजन की मुख्य वक्ता डॉ. पूनम तिवारी (समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविधालय) रहीं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा जी आदर्शों और मूल्यों




को अपनाने और उनके दिखाये मार्ग पर चलने पर जोर दिया. उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बिरसा मुंडा जी के साहस और संघर्ष से प्रेरणा लें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के संकाय अध्यक्ष प्रो आर के अग्निहोत्री, ने युवाओं से आह्वान किया कि वे बिरसा मुंडा जी के साहस और संघर्ष से प्रेरणा लें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रकोष्ठ प्रो भूपेंद्र स्वरुप शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल एक श्रद्धांजलि था, बल्कि युवाओं को सामाजिक जागरूकता और नेतृत्व के लिए प्रेरित करने का माध्यम भी बना। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो भूपेंद्र स्वरुप शर्मा ने बिरसा मुंडा जी के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक न्याय के लिए कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. सुरभि महाजन, डॉ उदिता तिवारी, डॉ. अंकुर गुप्ता, डॉ. प्रमोद कुमार, श्री योगेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. पूर्ती, डॉ. अजीत चाहर, डॉ. कृति व शोधार्थी और विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ नीलू सिन्हा ने व डॉ मोनिका अस्थाना ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# अरनोटा तिराहे पर भारी वाहनों व डंपरों की सघन चेकिंग

**पिनाहट** एनएनआई। अरनोटा तिराहे पर पुलिस ने भारी वाहनों और डंपरों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभिषेक कुमार, थानाध्यक्ष बसई अरेला, अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की कमान संभाली।



पुलिस कमिश्नरेट आगरा के दिशा-निर्देश में चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना तथा नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना है। चेकिंग के दौरान आरटीओ अधिकारी शारदा मिश्रा अपनी टीम के साथ, तथा तहसीलदार भी मौजूद रहे। टीम ने गुजरने वाले सभी भारी वाहनों के कागजात, फिटनेस, ओवरलोडिंग एवं सुरक्षा मानकों की गहन जांच की। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई।

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



## संपादकीय

# एक और तानाशाह

पाकिस्तान में संविधान संशोधन के जरिए सत्ता का नया ढांचा कायम कर दिया गया है। यानी देश में वास्तविक सत्ता निर्वाचित सरकार के हाथ में होने का नकाब उतार फेंका गया है। कहा जा सकता है कि वहां जो ढांचा व्यवहार में चल रहा था, उसे अब औपचारिक रूप दे दिया गया है। वैसे हकीकत यही है कि अप्रैल 2022 में इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार को सत्ता से हटाए जाने के बाद से असल सत्ता सेना के हाथ में रही है, जिसने शहबाज शरीफ सरकार को अपना लोकतांत्रिक मुखौटा बना रखा है। इमरान खान की सरकार हटाई ही इसलिए गई, क्योंकि उसने संप्रभु अधिकार खुद में होने का भ्रम पाला था। तब सेना को नकाब की जरूरत पड़ी, क्योंकि खान की सरकार को गिराने के क्रम में वह देश में अभूतपूर्व रूप से अलोकप्रिय हो गई। बहरहाल, इस साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना देश के अंदर अपनी कथित जीत का नैरेटिव बनाने में कामयाब रही। तब से उसका आकलन है कि अब सत्ता पर औपचारिक नियंत्रण बना लेने का सही वक्त है। उस सैन्य कार्रवाई के तुरंत बाद सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर ने खुद को फील्ड मार्शल बनवाया था।अब नए संशोधन के तहत वे कमांडर ऑफ डिफेंस फोर्सेज बन कर सेना के सभी अंगों के प्रमुख बन जाएंगे। इसके साथ ही संवैधानिक मामलों के लिए अलग से न्यायालय का गठन होगा, जबकि वर्तमान सुप्रीम कोर्ट से अपनी पहल पर मामलों का संज्ञान लेने का अधिकार छीन लिया जाएगा। पाकिस्तान के सत्ता तंत्र में हमेशा, कम-से-कम रक्षा एवं विदेश नीति संबंधी मामलों में, सेना के पास निर्णायक अधिकार रहे हैं। देशी मामलों में भी उसके आर्थिक एवं अन्य हित व्यवहार में सरकार और न्यायपालिका की पहुंच से बाहर रहे हैं। फिर भी कभी-कभार अदालतें सेना नेतृत्व की मर्जी के खिलाफ जाकर कुछ मामलों का संज्ञान ले लेती थीं। इमरान खान सरकार ने नीतिगत मामले अपने हाथ में लेने की कोशिश की थी। फील्ड मार्शल मुनीर ने अब ऐसी संभावनाओं पर विराम लगवा दिया है। शहबाज शरीफ शुक्र मना सकते हैं कि उनकी हुकूमत का तख्तापलट नहीं किया गया। अलबत्ता पाकिस्तान में कथित निर्वाचित सरकारों की हुकूमतें पलटी जाती रही हैं और सेना प्रमुख तानाशाह राष्ट्रपति बनते रहे हैं। अयूब खान, याह्या खान, जिया उल हक और परवेज मुशर्रफ सरीखे तानाशाहों ने पाकिस्तान पर हुकूमत की है, लेकिन उनके अंत बेहद त्रासद और दयनीय रहे हैं। मौजूदा फील्ड मार्शल एवं सेना प्रमुख जनरल मुनीर इन तमाम तानाशाहों को पीछे छोड़ कर एक ऐसा उदाहरण बन चुके हैं, जो दुनिया में लोकतंत्र, संविधान, संसद, मानवाधिकार सरीखी व्यवस्थाओं और उनके नागरिक मूल्यों को चिढ़ा रहे हैं। उनका मखौल उड़ा रहे हैं। मुनीर खुद ही पाकिस्तान का नया तानाशाह नहीं बना। उन्होंने हुकूमत और संसद को विवश किया है। संसद और सीनेट में यह संविधान संशोधन पारित किया गया है और मुनीर के लिए एक नए पद का सृजन किया गया है,चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ)। यह पद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भारत में भी है, लेकिन वह निरंकुश और स्वयंभू नहीं है। वह राष्ट्रपति और केंद्रीय कैबिनेट के अधीन सेवारत है। पाकिस्तान के सीडीएफ मुनीर को न तो राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री हटा सकते हैं और न ही सर्वोच्च अदालत में कोई केस किया जा सकता है। वह कानून और अपराध से बहुत परे हैं। वह ताउम्र फौजी की वर्दी पहन सकेंगे और थल सेना, वायुसेना, नौसेना के प्रमुखों की नियुक्ति करेंगे।तीनों सेनाएं और उनके प्रमुख अब सीडीएफ को जवाबदेह होंगे। जाहिर है कि राष्ट्रपति भी कठपुतली बन कर रह जाएंगे। मुनीर को उनकी नई सत्ता से बेदखल करने का एक ही अंतिम रास्ता है-संसद में महाभियोग सरीखा प्रस्ताव दो-तिहाई बहुमत से पारित कराना। यह भी असंभव लगता है, क्योंकि उस प्रस्ताव की इजाजत फौज से भी ली जाएगी। क्या कोई सेना प्रमुख अपने सीडीएफ के खिलाफ महाभियोग की अनुमति देने का दुस्साहस कर सकता है?पाकिस्तान के बदतर हालात हैं। अफगानिस्तान के तालिबान, बलूच लड़ाके, टीटीपी, टीएलपी, पाक अधिकृत कश्मीर के विद्रोही आदि ने चारों तरफ से पाकिस्तान को घेर रखा है। अफगान तालिबान ने पाकिस्तान को सात खंडों में विभाजित करने को मोर्चे तैनात कर लिए हैं। विद्रोही पाकिस्तान के पंजाब तक पहुंच चुके हैं और इस्लामाबाद को हिला देने की हुंकारें भर रहे हैं। खैबर, बलूचिस्तान, अफगान सीमा पर पाकिस्तान के फौजियों को विस्फोटों से उड़ा कर मारा जा रहा है। उनकी चौकियों पर कब्जे किए जा रहे हैं। सीडीएफ बनकर मुनीर कौन-सा मोर्चा फतेह कर लेगा? वह अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ सौदेबाजी कर सकता है और मुल्क का शहंशाह बन सकता है। सवाल है कि अमरीकी राष्ट्रपति कब तक और किसके सगे हुए हैं? मुनीर पाकिस्तान के दुर्लभ खनिजों के सौदे अमरीका के साथ नहीं कर सकते, क्योंकि वहां विद्रोही सशस्त्र तैनात हैं और वे अब पाकिस्तान से अलग होने पर आमादा हैं।



# केरल का स्वर्ग 'मुन्नार'

मुन्नार यानी कि केरल का स्वर्ग। मुन्नार दक्षिणी-पश्चिमी भारतीय केरल राज्य के इडु क्की जिल्ले में स्थित एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। मुन्नार को साउथ का कश्मीर कहां जाता है। मुन्नार में दूर-दूर तक फैले चाय के बगीचे बादलों के साथ धुंधभरी पहाड़ियां प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। इसीलिए केरल का यह स्थान मुन्नार नवविवाहित जोड़ों का फेवरीट हनीमून डेस्टिनेशन है। मुन्नार हिल स्टेशन पश्चिमी घाट में स्थित है। मुन्नार तमिल भाषा ( मलयालम ) में मून तीन और भाव नदियों से मिलाकर बना है। मुन्नार में मधुरपूजहा नल्लाथन्नी कुंडाली नदियों का संगम स्थान है। यहां पर दक्षिण भारत की अति प्राचीन घाटिया और सबसे ऊंची अनामुडी. चोटी भी है। मुन्नार नीलगिरी की गोद में बसा हुआ बहुत ही खूबसूरत प्राकृतिक हिल स्टेशन है। नीले पहाड़ों से घिरे इस रमणीय स्थल में 12,000 एक्टर में फैले चाय के बागान लगभग 1,600 मीटर (5,201 फिट ) की ऊंचाई पर स्थित है। मुन्नार पूर्व ब्रिटिश प्रशासन का ग्रीष्मकालीन रिसोर्ट हुआ करता था। क्योंकि मुन्नार में अतिप्राचीन घाटिया जंगल खुशबू से भरी आबोहवा अच्छा मौसम जो मन को लुभाता है। मुन्नार में आप एलीफेंट राइट्स, फोटो पॉइंट व्यू पर हॉर्स राइडिंग, बोटिंग, ट्रैकिंग, जीप सफारी, बाइक राइडिंग, फोटोग्राफी वीडियोग्राफी जैसे अन्य गतिविधियां कर सकते हो।

**मुन्नार के खूबसूरत घूमने लायक पर्यटन स्थल**

मुन्नार केरल राज्य का खूबसूरत पर्यटन स्पोर्ट और हनीमून डेस्टिनेशन है। मुन्नार हिल स्टेशन अपनी खूबसूरती और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए देश भर में जाना जाता है। मुन्नार में देखने लायक कई सारे पर्यटन स्थल है। जैसे कि यहां के प्राकृतिक झरने चाय के बागान म्यूजियम खूबसूरत झीले इत्यादि स्थानों पर मुन्नार ट्रिप दौरान सैलानी यहां के अलग-अलग स्थानों पर घूम सकते हैं।

**देवी कुलम और इको पॉइंट**

देवीकुलम मुन्नार से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक पर्वतीय सुंदर प्राकृतिक हृश्य के लिए जाना जाता है। पास में सीता देवी झील है। दूर-दूर तक फैले चाय के बागान हरी-भरी वादियां और पहाड़ों से निकलता झरने का लुफ्त उठा सकते हो। यह प्राकृतिक प्रेमियों के पसंदीदा स्थान है। क्योंकि यहां पर विभिन्न प्रकार की वनस्पति और जीव देख सकते हो। यहां पर आप ट्रैकिंग और चाय के बागान के बीच में फोटोग्राफी वीडियोग्राफी कर सकते हो। इको पॉइंट मुन्नार से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां पर आप जोर से आवाज लगाएंगे तो वही आवाज इको में परिवर्तित होकर वापस आपके पास ही आएंगी। यहां पर हरे-भरे पहाड़ एक बड़ा सा झील है। झील का पानी एकदम हरा है।



**एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान**

एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान मुन्नार से 15 किलोमीटर दूर स्थित 97 वर्ग किलोमीटर में फैला वर्षावन है। जो जैविक विविधता के मामले में भारत का अव्वल नंबर का पार्क है।

एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान लुप्तप्राय प्राणी नीलगिरी टार के लिए जाना जाता है नीलगिरी टार भारत में केवल इस हिल स्टेशन में पाया जाता है। इसके अलावा इस पार्क में अन्य वन्य प्राणी पक्षियों की तितिलिया दुर्लभ प्रजातियों का बसेरा है।

एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान में नीलकुरिंजी नामक फूल का पौधा उगता है जिसमें केवल 12 साल में एक ही बार फूल खिलता है। जब नीलकुरिंजी के फूल खीलते हैं तब यह पूरा पार्क ग्रीष्मकालीन पर्यटन स्थल बन जाता है। तब पूरी वादी मानव के फ्लावर ऑफ वैली का रूप ले लेती है।एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान में दक्षिण भारत का सबसे ऊंचा शिखर आनामुदी शिखर यहां पर स्थित है जिसकी ऊंचाई 2700 मीटर से अधिक है। यहां पर पर्यटन ट्रैकिंग कर सकते हैं। लेकिन पहले फॉरेस्ट डिपार्मेंट से अनुमति लेनी पड़ती है।

इस छोटी के ऊपर से आसपास का नजारा बहुत सुंदर है दूर-दूर तक फैले चाय के बागान छोटी को चूमती बादलों की चादर धुंधभरे वातावरण पर्यटन को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**रोज गार्डन**

रोज गार्डन मुन्नार का मुख्य आकर्षण केंद्रों में से एक हैं। रोज गार्डन में आप की एंट्री होते ही मानो के स्वर्ग में पहुंच गए हो ऐसा प्रतीत होता है। रोज गार्डन में केवल गुलाब ही नहीं बल्कि अन्य दुर्लभ प्रकार के फूल भी पाए जाते हैं। फूलों के शौकीन और फोटोग्राफी के लिए ए बेस्ट स्थान है। पूरा गार्डन आप 30 मिनट में घूम सकते हो। यहां की एंट्री फी 30 रुपये है। रोज गार्डन नेशनल गार्डन की श्रेणी में आता है। यहां का कलेक्शन अव्वल दर्जे का है अगर आप मुन्नार आए तो यहां पर विजिट करना ना भूले।

**कुंडला डैम**

कुंडला डैम मुन्नार से तकरीबन 19 किलोमीटर दूर स्थित है। मुन्नार से आपको टैक्सी या प्राइवेट व्हीकल मिल जाएंगे यहां पर आने के लिए । अगर आप शांति की खोज कर रहे हैं। तो कुंडला झील आपके लिए बेस्ट स्थान साबित होगी कुंडला झील समुद्र तल से लगभग 1700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है यहां का नजारा प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है।

पास में फास्ट फूड के लिए रेस्टोरेंट्स और शॉप है जहां से आप मैगी, नूडल्स, आमलेट, डोसा इत्यादि कुंडला झील के किनारे बैठकर कर टेस्ट कर सकते हो।

**टॉप स्टेशन**

टॉप टेशन मुन्नार से लगभग 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित समुद्र तल से 1700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित एक बड़ी पहाड़ी की श्रृंखला है। टॉप स्टेशन मुन्नार और केरल के मुख्य आकर्षण केंद्रों में से एक है। ट्रैकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए टॉप स्टेशन किसी जन्नत से कम नहीं है। इस पहाड़ की चोटी से आप मुन्नार के चाय के बागान घास के मैदान दूर दूर तक फैली हरियाली और तमिलनाडु के विहंगम दृश्यों का आनंद ले सकते हो। इस क्षेत्र में निलकुरंजी के खिले हुए फूल देखने के लिए यह बेस्ट स्थान है।

**मुन्नार में कहां पर रुके**

मुन्नार में कई सारे होटल्स एवं रिजॉर्ट मिल जाएंगे जो एकदम हिल्स या तो फॉरेस्ट के एकदम नजदीक होते हैं बालकनी से आप अद्भुत नजारा देख सकते हो। यहां पर होटल्स और रिसॉर्ट के प्राइस अलग अलग हो सकते हैं अगर आप पिकसीजन में आते हो तो होटल्स और रिसॉर्ट थोड़े बहुत महंगे मिलेंगे लेकिन अब ऑफ सीजन में यह तो मॉनसून में आते हो तब होटल आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगी।

**मुन्नार जाने का बेस्ट टाइम**

मुन्नार केरल का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है और यहां का वेधर ही कुछ ऐसा है कि आप साल में कभी भी जाओ चारों और आपको हरियाली ही देखने को मिलेगी। मुन्नार जाने का बेस्ट टाइम है सितंबर से नवंबर के बीच और जनवरी से फरवरी में के बीच का समय बेस्ट है मुन्नार जाने के लिए। मुन्नार में गर्मियों के मौसम में यहां पर ठंड होते हैं इसीलिए आप गर्मियों के मौसम में भी मुन्नार में आ सकते हो।



# इंडस्ट्री की वर्किंग कंडीशंस पर दीपिका पादुकोण बोलीं

# मां बनने के बाद बदला नजरिया

एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण हाल ही में अपनी दो बड़ी फिल्मों स्पिरिट और कल्कि 2 से बाहर हो गई हैं। उनकी 8 घंटे की शिफ्ट की मांग को लेकर इंडस्ट्री में बवाल मचा हुआ है। अब एक्ट्रेस ने मदरहुड, कामकाजी महिलाओं और इंडस्ट्री की वर्किंग कंडीशंस पर खुलकर बात की। हार्पर बाजार इंडिया को दिए इंटरव्यू में दीपिका पादुकोण ने कहा- मां बनने के बाद महसूस हो रहा है कि मम्मी जो कहती थीं, वो एकदम सही था। हर नई मां सोचती है कि प्लान बनाकर सब मैनेज कर लेंगी, लेकिन हकीकत में बहुत बदलाव आ जाता है। अब मैं अपनी मां को अधिक अच्छे से समझ पाती हूं। दीपिका मानती हैं कि वर्किंग मदर्स को जब वे काम पर लौटें, तो परिवार और ऑफिस दोनों से पूरा सपोर्ट मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि उन्होंने खुद के ऑफिस में पांच दिन और आठ घंटे की वर्किंग पॉलिसी रखी है और मेटरनिटी-पेटरनिटी पॉलिसी भी लागू की है। वह चाहती हैं कि बच्चों को दफ्तर या सेट पर लाना भी नॉर्मल बने ताकि महिलाएं बिना किसी दबाव के काम कर सकें। ओवरवर्किंग और बर्नआउट पर दीपिका ने साफ कहा- हमने ओवरवर्किंग को सामान्य बना लिया है, लेकिन असल में 8 घंटे की लिमिट सही है। थककर काम करना किसी के लिए फायदेमंद नहीं। खुद मैं भी बैलेंस बनाने की कोशिश करती रही हूं। अपनी फिल्मों से बाहर होने के सवाल पर दीपिका ने कहा कि इंडस्ट्री में पे पैरिटी और वर्किंग कंडीशंस पर भी बहस होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कई बार फीस और काम के घंटों के मुद्दों पर उन्हें संघर्ष करना पड़ा, लेकिन कभी शोर नहीं मचाया।

# दुबई में शाहरुख खान के नाम पर बनेगी बिल्डिंग



## इवेंट में मां को याद कर हुए इमोशनल, कहा- मां जिंदा होती तो बहुत खुश होती

बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की लोकप्रियता दुनिया भर में है। अब दुबई में उनके नाम पर एक बिल्डिंग बनाई जा रही है। मुंबई में शुक्रवार को एक इवेंट में शाहरुख के नाम पर बन रही बिल्डिंग की घोषणा हुई है। यह 56 मंजिला बिल्डिंग करीब 4.5 लाख वर्ग फीट में बनने वाली प्रीमियम ऑफिस स्पेस प्रॉपर्टी होगी। वहीं, इवेंट के दौरान मां को याद कर शाहरुख इमोशनल हो गए। एक्टर ने कहा, "मेरी मां आज जिंदा होती तो बहुत खुश होती। यह मेरे लिए बड़ा सम्मान है। जब मेरे बच्चे आएंगे, तो मैं उन्हें बताऊंगा कि पापा का नाम लिखा है, यह पापा की बिल्डिंग है।" इवेंट में एंटरटेनमेंट की भी कमी नहीं रही। शाहरुख ने अपने अंदाज में मेहमानों को एंटरटेन किया। उन्होंने अपनी फिल्म ओम शांति ओम और डॉन के आइकोनिक मोमेंट्स भी किए। इवेंट में फराह खान भी मौजूद थीं। शाहरुख ने इवेंट में मजाक करते हुए कहा कि वह अब ईद का चांद बन गए हैं। कम दिखता हूं, लेकिन जब दिखता हूं तो अच्छा लगता है।

उन्होंने आगे कहा, "मैं खुद को इतना जरूरी नहीं मानता कि फिल्मों के अलावा मेरे नाम पर कुछ हो। फिल्में मेरे प्रोफेशन और पूजा का हिस्सा हैं।" बता दें कि शाहरुख के नाम पर बन रही बिल्डिंग में हेलीपैड और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं होंगी। इस प्रोजेक्ट के तीन से चार साल में तैयार होने की उम्मीद है। इसके एंट्रेंस पर शाहरुख का एक स्टैच्यू भी लगाया जाएगा, जहां लोग फोटो ले सकेंगे। बता दें कि शाहरुख जल्द सिद्धार्थ आनंद की फिल्म किंग में नजर आएंगे। इसमें दीपिका पादुकोण, सुहाना खान, रानी मुखर्जी, अभय वर्मा और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# नोरा फतेही की ड्रग केस पर सफाई



बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही इन दिनों फिर से चर्चा में हैं। वजह है ड्रग तस्करी से जुड़े एक पुराने केस में उनका नाम फिर से उछलना। लेकिन इस बार नोरा ने चुप्पी तोड़ दी है और उन लोगों को करारा जवाब दिया है जो सोशल मीडिया पर उन पर उंगली उठाते रहे हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले मुंबई में ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम मोहम्मद सोहेल शेख को गिरफ्तार किया गया था। उसी मामले में आरोपी ने पुलिस जांच के दौरान दावा किया था कि कई बॉलीवुड सितारे ड्रग्स के नेटवर्क में शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर और नोरा फतेही का नाम भी लिया गया। मामला सामने आते ही सोशल मीडिया पर अटकलें और ट्रोलिंग शुरू हो गई। इसी पर अब नोरा ने पहली बार खुलकर अपनी बात रखी है। नोरा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट लिखकर सफाई दी। उन्होंने लिखा है- मैं किसी पार्टी में नहीं जाती, न ही ऐसे लोगों से मेलजोल रखती हूं। मैं एक वर्कहोलिक हूं, दिन-रात काम करती हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। जब छुट्टी मिलती है तो अपने दुबई वाले घर या बीच पर दोस्तों के साथ समय बिताती हूं। यही मेरी जिंदगी है। नोरा ने आगे लिखा- जो कुछ भी आप पढ़ रहे हैं, हर बात पर यकीन मत कीजिए। ऐसा लगता है कि मेरा नाम कुछ लोगों के लिए आसान टार्गेट बन गया है। लेकिन अब मैं ऐसा नहीं होने दूंगी। पहले भी लोगों ने मेरे नाम को लेकर झूठ फैलाया था, मुझे बदनाम करने की कोशिश की थी, लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ। फतेही ने मीडिया और सोशल मीडिया यूजर्स पर निशाना साधते हुए लिखा- मैं देख रही हूं कि कैसे कुछ लोग अपने क्लिकबेट के लिए मेरे नाम पर कीचड़ उछाल रहे हैं। मेरी तस्वीरें और पहचान को उन मामलों में मत घसीटो, जिनसे मेरा कोई लेना-देना नहीं। अगर ऐसा करना जारी रखा, तो ये महंगा पड़ सकता है।





# टीम इंडिया के लिए पहाड़ जैसा बना 124 रनों का टारगेट

## कोलकाता टेस्ट में भारत के 72 रनों पर गिरे छह विकेट

**कोलकाता।** भारत और अफ्रीका के बीच ईडन गार्डन पर खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया संकट में पहुंच गई है। साउथ अफ्रीका ने भारत को जीत के लिए सिर्फ 124 रनों का टारगेट दिया है जो कि टीम इंडिया के लिए पहाड़ जैसा साबित हो रहा है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के 6 विकेट 72 रन पर गिर चुके हैं। समाचार लिखे जाने तक टीम इंडिया का स्कोर 6 विकेट के नुकसान पर 76 रन था। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव खेल रहे हैं। पहले टेस्ट के दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका की टीम 153 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को जीत के लिए 124 रन का टारगेट मिला है। रविवार को मैच का तीसरा दिन है।

रवींद जडेजा, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के बाद वाशिंगटन सुंदर भी आउट हो चुके हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल गर्दन में दर्द की वजह से हॉस्पिटल



में है, वे बैटिंग करने नहीं उतरेंगे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत ही निराशाजनक रही जब पहले ओवर की चौथी ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल शून्य पर आउट हो गए। मार्को यानसन ने उन्हें अपना शिकार बनाया। वहीं केएल राहुल भी 1 रन बनाकर यानसन की गेंद पर आउट हो गए।

इससे पहले, साउथ अफ्रीका ने शुक्रवार को टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम पहली पारी में 159 रन पर सिमट गई। वहीं, भारत ने पहली पारी में 189 रन बनाए थे। साउथ अफ्रीका की दूसरी पारी 153 रन पर सिमट गई। मोहम्मद सिराज ने अपने ओवर की आखिरी गेंद पर केशव महाराज को छहह कर पारी का अंत किया। महाराज बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। कप्तान टेम्बा बावुमा 55 रन पर नाबाद रहे। इस तरह भारत के सामने 124 रन का टारगेट है।

# पहले टेस्ट मैच में आगे नहीं खेल पाएंगे शुभमन गिल

## गर्दन में चोट के बाद अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में अब आगे हिस्सा नहीं लेंगे। गिल को दूसरे दिन बल्लेबाजी करते वक्त चोट लग गई थी जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। गिल इसके बाद मैदान पर नहीं उतरे और शनिवार की रात उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीसरे दिन के खेल की शुरूआत से पहले कप्तान के फिटनेस पर अपडेट दिया।

गिल भारत की पहली पारी के दौरान रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे। गिल ने पहली पारी में तीन गेंदों का सामना किया, लेकिन चोट के कारण उन्हें मैदान से बाहर लौटना पड़ा।

गिल साइमन हार्मर की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने के प्रयास में गर्दन में मोच आने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। उन्होंने हार्मर को बैकवर्ड स्क्वायर लेग के ऊपर से चौका मारा, लेकिन इस दौरान उनकी गर्दन में जकड़न पैदा हो गई। फिजियो तुरंत ही मैदान पर पहुंचे लेकिन इस स्टार बल्लेबाज को रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा। यह घटना ड्रिंक्स ब्रेक के बाद 35वें ओवर में घटी थी।

## राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025

# भारत-पाकिस्तान के बीच आज होगा मैच, वैभव पर नजरें

**दोहा।** भारत और पाकिस्तान की युवा टीमों के बीच आज राइजिंग स्टार्स एशिया कप में आमना-सामना होगा। दोनों टीमों के बीच टी20 प्रारूप का यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से दोहा में खेला जाएगा। इस मैच में एक बार फिर सभी की नजरें स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर टिकी होंगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले कुछ समय से रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे हैं और इसका असर क्रिकेट के मैदान पर भी दिखा है। सीनियर राष्ट्रीय टीम ने एशिया कप के दौरान पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाया था जिस पर काफी विवाद हुआ था और अब जितेश शर्मा की अगुआई वाली भारत ए टीम भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की इस नीति का पालन करेगी। मैच के दौरान वैभव पाकिस्तान शाहीन्स के आक्रमण को स्तब्ध रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे। वर्तमान टूनार्मेंट में भारत ए के कप्तान जितेश से भी उम्मीद की जा रही है कि वह पाकिस्तान शाहीन्स के कप्तान इरफान खान से न तो टॉस के समय और न ही मैच के बाद हाथ मिलाएंगे।

# रविवार, 16 नवम्बर राशिफल

आज आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है, जिससे आप संतुष्ट महसूस करेंगे और अपने भविष्य की चिंता से मुक्त रहेंगे। शाम के समय परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति उदार रवैया रखें। परिवार के छोटे बच्चे आज आपसे कुछ निवेदन कर सकते हैं।

आज आपको अपनी अनियमित खान-पान की आदतों से बचना होगा और सेहत में आई कमी को दूर करने के लिए डॉक्टर से सलाह लेनी होगी। आज आपकी आमदनी कम और खर्चे ज्यादा होंगे, लेकिन आपको दोनों के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा।

आज का दिन आपके लिए किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने का है। आज आपके परिवार में कोई विवाद उत्पन्न हो सकता है, लेकिन आपको उस विवाद में नहीं पड़ना है और अपने तंत्र में चल रही योजनाओं को चरम सीमा तक ले जाना है, जिसमें आपको अपने भाई का सहयोग लेना पड़ सकता है।

व्यवसाय के सिलसिले में आपको कुछ यात्राएं करनी पड़ सकती हैं और आप अपने व्यवसाय की प्रगति से कम प्रसन्न दिखाई देंगे, जिसके लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेने के बारे में सोच सकते हैं। संतान की शिक्षा को लेकर आज कुछ तनाव हो सकता है।

निजी संबंध प्रेम और सहयोग से भरे रहेंगे। अच्छे स्वास्थ्य के कारण आप विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। पारिवारिक व्यवसाय में आज आपको अपने जीवन साथी की सलाह की आवश्यकता पड़ेगी, जिससे भविष्य में आपको भरपूर लाभ मिलेगा।

आज आपको किसी भी स्थिति का आकलन करना होगा और दिल और दिमाग दोनों से निर्णय लेना होगा। अगर आप कहीं निवेश करने की सोच रहे हैं तो उसके लिए दिन अच्छा रहेगा। भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को आज सफलता मिलेगी।

व्यापारिक साझेदारी में जो कुछ भी हुआ है उसका पूरा लाभ आज आपको मिलेगा, लेकिन आज कोई आपके निजी संबंधों में दरार डालने की कोशिश कर सकता है। आप अपने परिवार की सभी जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे।

शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होने के बावजूद आप हिम्मत से जो भी काम करेंगे उसमें सफलता मिलेगी। आज आपके शत्रु कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां खड़ी कर सकते हैं, लेकिन चिंता न करें, वे आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे।

आज का दिन आपके लिए निश्चित परिणाम लेकर आएगा लेकिन फिर भी आज आपको अपने स्वास्थ्य और आर्थिक संसाधनों पर थोड़ा अधिक ध्यान देने की जरूरत है। आज आपके घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

आज आपके जीवन में कोई महत्वपूर्ण बदलाव आने की संभावना है, आपको कुछ कठिन समय से गुजरना पड़ सकता है, लेकिन याद रखें, रात के बाद ही सुबह होती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें और सुचारु रूप से आगे बढ़ें। बड़े हो जाएं।

आज का दिन आपके लिए कुछ तनावपूर्ण रह सकता है। आज आपको अपने ऊपर हावी होने वाली संभावनाओं से बचना होगा और अपने अंतर्मन की पुकार सुननी होगी, लेकिन किसी भी मामले में अति करने से बचें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है।

आज आपने अपने व्यापार में जो अपेक्षाएं रखी थीं, उनकी पूर्ति होने से वह खिल उठेगा। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं तो वह भी आज आपको मिल सकती है। उनके लिए दिन उत्तम रहेगा। निजी संबंधों के मामले में विवाद उत्पन्न हो सकता है, लेकिन आप अपनी सूझबूझ से उन्हें सुलझा भी सकते हैं।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# बाल दिवस पर चमकी नन्हे वैज्ञानिकों की प्रतिभा




एनएनआई

**आगरा।** दुर्गा नगर, नगलपदी, दयालबाग स्थित मिनी मॉन्टेसरी जूनियर हाई स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। अवसर था आर्ट एंड क्राफ्ट एवं विज्ञान प्रदर्शनी का, जहाँ बच्चों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और बौद्धिक क्षमता ने आगंतुकों को चकित कर दिया। विद्यालय परिसर भविष्य के वैज्ञानिकों के अभिनव मॉडलों और रंग-बिरंगी कलाकृतियों से सजा हुआ था।

शुभारंभ निदेशक आलोक चंद्रा और प्रधानाचार्या आशा चंद्रा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया। निदेशक आलोक चंद्रा ने कहा कि बाल दिवस पर बच्चों की सृजनशीलता देखना वास्तव में प्रेरणादायक है। यही बच्चे आगे चलकर समाज और देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। प्रधानाचार्या आशा चंद्रा ने बताया कि वर्ष 1986 में विद्यालय की स्थापना उन निर्धन एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा हेतु की गई थी जो आसपास की मलिन बस्तियों में रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनकी प्रतिभा, कौशल और व्यक्तित्व विकास पर निरंतर कार्य करते हैं। दिल्ली से आने वाले विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा तीन-तीन माह में हमारे स्टाफ को प्री-प्राइमरी एवं मॉडर्न टीचिंग तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान में कक्षा 1 से 8 तक लगभग 650 बच्चे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। निदेशक आलोक चंद्रा ने बताया कि कक्षा 1 से 4 तक के बच्चों ने आर्ट एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी और कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाई।

# सुरक्षा एजेंसी ने मेट्रो स्टेशन पर की एंटी-टेरर मॉक ड्रिल

## दिल्ली ब्लास्ट के बाद देश में कड़ी सुरक्षा

एनएनआई

**आगरा।** दिल्ली ब्लास्ट के बाद देश में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियां लगातार निगरानी कर रही हैं। मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड और बाजारों में विशेष चेकिंग हो रही है। पुलिस और सुरक्षा बलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसी बीच कई शहरों में मॉक ड्रिल भी की जा रही है। आगरा में भी सुरक्षा तैयारियों की जांच की गई। मेट्रो स्टेशन पर एंटी-टेरर मॉक ड्रिल आयोजित हुई। सुरक्षा बलों ने रियल सिचुएशन जैसा माहौल बनाया।

स्टेशन पर अलर्ट बढ़ाया गया। संदिग्ध की मूवमेंट को मॉनिटर किया गया। सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत रिस्पॉन्स दिया। ड्रिल का उद्देश्य प्रतिक्रिया समय और समन्वय को जांचना था। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे अभ्यास का मूल्यांकन किया। यह ड्रिल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए की गई है ऐसे माहौल में आगरा मेट्रो स्टेशन पर एंटी-टेरर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस ड्रिल में आतंकवादी हमले जैसी स्थिति तैयार की गई, ताकि सुरक्षा बलों की प्रतिक्रिया, तैयारी और समन्वय को परखा जा सके।



ड्रिल के दौरान कैप्टन शुभम गुप्ता ने संदिग्ध आतंकी की भूमिका निभाई। वह मेट्रो स्टेशन में संदिग्ध तरीके से घुसे। इसकी सूचना मिलते ही सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया। स्टेशन के सभी एग्जिट प्वॉइंट्स को कवर किया गया। सुरक्षाकर्मियों ने रणनीतिक तरीके से संदिग्ध को घेरा और कुछ ही मिनटों में पकड़ लिया। टीमने हमले की संभावित योजना को नाकाम कर दिया। इसके बाद सुरक्षा बलों ने स्टेशन में सर्च ऑपरेशन चलाया। संदिग्ध के पास से एक्सप्लोसिव बेल्ट, ट्रिगर यूनिट और तार बरामद किए गए।

बरामदगी के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर आगे की आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पूरी ड्रिल को उच्च अधिकारियों ने देखा और सुरक्षा प्रोटोकॉल का मूल्यांकन किया। इस अभ्यास में 33 सुरक्षा कर्मी, विशाल सिक्योरिटी फोर्स के 15 कर्मचारी और वढ मेट्रो के 30 अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। ड्रिल के जरिए आपात स्थिति में सुरक्षा बलों की तत्परता को प्रभावी पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसी एक्सरसाइज आगे भी होती रहेंगी, ताकि किसी भी तरह के आतंकी खतरे को समय रहते रोका जा सके।

